दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 38 | जयपुर | बुधवार, 11 दिसम्बर, 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan






राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का दूसरा दिन

## प्रवासी राजस्थानियों के लिए बनेगा विशेष विभाग : मुख्यमंत्री शर्मा

### राजस्थान को विकसित, खुशहाल और देश में सिरमौर बनाने के लिए संकल्पित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हाईवे का तीसरा एवं रेलवे का पांचवां सबसे बड़ा नेटवर्क, सात प्रमुख हवाई अड्डे और दिल्ली-मुंबई फ्रंट कॉरिडोर राजस्थान को परिवहन के लिए अत्यंत सुविधाजनक स्थान बनाते हैं।

भारत का सबसे बड़ा राज्य राजस्थान अब बड़े अवसरों की भूमि बन रहा है। उन्होंने कहा कि हम अगले 5 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर करने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा में अग्रणी है तथा सौर एवं पवन ऊर्जा उत्पादन की भी यहां अनुकूल स्थितियां हैं। शर्मा ने राजस्थान में अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यहां का हर कोना, अपनी समृद्ध धरोहर, प्रकृति, संस्कृति और विविधताओं का दर्शन करवाता है। यहां वाइल्ड लाइफ, वेलनेस, वेडिंग एवं धार्मिक पर्यटन के बढ़ने के कारण होटलों की मांग तेजी से बढ़ रही है। राजस्थान में प्रतिवर्ष देश-विदेश से करोड़ों पर्यटक आते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनन् क्षेत्र में भी असीमित संभावनाएं हैं। हमने हाल ही में राजस्थान खनिज नीति-2024 एवं राजस्थान एम-सैण्ड पॉलिसी-2024 लॉन्च की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग, वस्त्र, चिकित्सा उपकरण, रक्षा उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में भी निवेश के लिए बेहतरीन अवसर हैं।



### सरकारी प्रक्रियाएं सरल, निवेश अनुकूल वातावरण

शर्मा ने कहा कि हमने निवेशकों के लिए एक ऐसा माहौल तैयार किया है, जहां उन्हें हर संभव सुविधाएं मिलेंगी। हमने निवेश के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाया है तथा उद्योगों में नवाचारों को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने कहा कि निवेशकों के लिए 10 नई नीतियां बनाने के साथ ही राज निवेश पोर्टल से समयबद्ध मंजूरी भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से अपील की है कि वे राज्य के विकास में भागीदार बनें तथा अपनी मातृभूमि में निवेश कर अपनी आने वाली पीढ़ी के जुड़ाव को मजबूत करें।

### राजस्थानी जहां गए हैं वहां की आर्थिक स्थिति में सुधार का अच्छा कार्य किया : राज्यपाल

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थानी जहां जहां जाकर बसे हैं वहां की अर्थव्यवथा में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आठ करोड़ की जनसंख्या बताई जा रही है। इसके अलावा भी दो ढाई करोड़ बाहर प्रवास करते हैं। इन सबको मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा हक से बुलाकर राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों पर राजस्थान का अधिकार है। वे यहां आएं और मातृभूमि का ऋण चुकाने के लिए निवेश करें। उन्होंने कहा कि हमारे महाराष्ट्र में कहावत है, जहां न पहुंचें बैलगाड़ी वहां पहुंचे मारवाड़ी। राजस्थानी जहां गए हैं वहां अच्छा कार्य किया। लगन और परिश्रम से अपना स्थान बनाया है। राज्यपाल श्री बागडे मंगलवार को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने देशभर की अर्थव्यवथा में महती भूमिका निभाई हैं। अब समय राजस्थान को विकसित करने का है।

राज्यपाल ने कहा कि दुग्ध क्षेत्र में राजस्थान अग्रणी है। इस क्षेत्र में और विकास की आवश्यकता है। उन्होंने राजस्थान में निवेश करने बालों को विश्वास दिलाया कि यहां आएंगे तो राज्य सरकार हर संभव सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बारिश के पानी को रोके जाने पर अधिक से अधिक कार्य हो। इस समय प्रदेश में एक ही फसल ली जाती है। बारिश के पानी को सहेज कर प्रयास करें कि दो फसल यहां हो।




'इन्फ्रास्ट्रक्चर-एन इम्पोर्टेन्ट लिंक इन द सप्लाई चेन'

## सेक्टोरल सेशन आयोजित भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही केन्द्र सरकार : केन्द्रीय मंत्री

जयपुर। बढ़ता राजस्थान

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है। उनके इस संकल्प को साकार करने तथा भारत की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन की बनाने के लिए केन्द्र सरकार कार्य कर रही है। श्री गडकरी मंगलवार को जेईसीसी में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत आयोजित 'इन्फ्रास्ट्रक्चर-एन इम्पोर्टेन्ट लिंक इन द सप्लाई चेन' सत्र को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए पानी, ऊर्जा, परिवहन और संचार मूलभूत आवश्यकताएं हैं। इन चारों क्षेत्रों को विकसित करने से देश-प्रदेश की प्रगति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर श्री गडकरी ने राजस्थान को कई सौगातें देते हुए 30 हजार करोड़ रुपये लागत की 800 किमी. लम्बी 9 परियोजनाओं की घोषणा की।

इन परियोजनाओं में 6500 करोड़ रु. की लागत से उत्तरी जयपुर रिंग रोड, 6800 करोड़ रु. की लागत से कोटपूतली से आगरा ग्रीनफील्ड हाइवे, 12 हजार करोड़ रु. की लागत से जयपुर-किशनगढ़-जोधपुर से अमृतसर ग्रीनफील्ड हाइवे निर्माण, 538 करोड़ रु. की लागत से पाली में रायपुर से जस्साखेड़ा तक एलीवेटेड रोड, 1400 करोड़ रु. की लागत से नागौर से नेत्रा तक सड़क निर्माण, 500 करोड़ रु. से सीकर-लक्ष्मणगढ़-फतेहपुर में बाइपास, 1400 करोड़ रु. की लागत से झुन्झुनूं-चिड़ावा-सिंघाना-पचेरी सड़क निर्माण, 600 करोड़ रु. की लागत से सिंघाना-खेतड़ी-जसरापुर-नगलीसलेदी-भाटीवाड़ सड़क निर्माण, 400 करोड़ रु. की लागत से कुंडल-झाड़ौद खण्ड के भू-स्खलन क्षेत्र में सुधार कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, सिंचाई परियोजना और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में हमारी डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से राज्य के बुनियादी ढांचे की तस्वीर बदल रही है।

### राज्य में 3 लाख किलोमीटर से अधिक लंबा रोड नेटवर्क

**श्री शर्मा ने कहा कि दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे का 58 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में है, इसलिए भारत के 40 प्रतिशत बाजार तक प्रदेश की सीधी पहुंच है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां भारत का तीसरा सबसे बड़ा हाईवे नेटवर्क है, जो देश के प्रमुख शहरों और औद्योगिक केंद्रों को सीधे जोड़ता है। आज राजस्थान में 3 लाख किलोमीटर से अधिक लंबा रोड नेटवर्क है।**

## बांग्लादेश में हिंदुओं के हालात पर पंजाब में प्रदर्शन

### केंद्र से हस्तक्षेप की मांग, अमृतसर-चंडीगढ़ में निकाला गया विशाल रोष मार्च



बढ़ता राजस्थान

**अमृतसर ( एजेंसी )।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ मंगलवार को पंजाब के चंडीगढ़ और अमृतसर में रोष मार्च निकाला गया। चंडीगढ़ में यह मार्च सेक्टर 17 प्लाजा से शुरू हुआ और अमृतसर में यह मार्च श्री दुर्गियाना मंदिर से शुरू होकर जलियांवाला बाग तक चला। इस प्रदर्शन में चंडीगढ़ के हिंदू संगठनों, अमृतसर की दुर्गियाना कमेटी ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की। अमृतसर में सेक्टर 17 में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वामी श्यामानंद जी ने कहा कि अगर पूरी दुनिया में विश्वासघात का कोई उदाहरण देखना है तो वह बांग्लादेश है।

जिस बांग्लादेश के लिए हजारों भारतीय सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी, बलिदान दिए, भारत के लोगों ने 1971 में हर घर से 1 एकत्र करके तन, मन और धन से मदद की, बांग्लादेश को थाली में परोस कर दिया, वह बांग्लादेश आज बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार कर रहा है। हिंदू इस्कॉन के मंदिरों को तोड़ा और जलाया जा रहा है, हिंदुओं और गायों की हत्या की जा रही है।

## इंडिया ब्लॉक का धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

### रिजिजू बोले- राहुल को छोड़कर सभी सांसद चर्चा चाहते हैं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र का मंगलवार (10 दिसंबर) को 11वां दिन है। इंडिया ब्लॉक ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने की तैयारी कर ली। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया।

इस नोटिस में कांग्रेस, टीएमसी, आप, सपा, डीएमके, सीपीआई, सीपीआई-एम और आरजेडी समेत कई पार्टियों के 60 सांसदों के दस्तखत हैं। विपक्ष का धनखड़ पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन चलाने का आरोप है।

वहीं, मंगलवार को 11 बजे दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू हुई। लोकसभा में हंगामे के चलते पहले 12 बजे तक सदन स्थगित कर किया गया। 12 बजे कार्यवाही शुरू होने के बाद भी अडाणी-जॉर्ज सोरोस मुद्दे पर हंगामा जारी रहा, स्पीकर ने बुधवार तक के लिए सदन स्थगित कर दिया।

60 सांसदों ने दस्तखत किए



हंगामे के चलते राज्यसभा की कार्यवाही भी बुधवार तक स्थगित कर दी गई।

रिजिजू बोले- राहुल के अलावा सभी सांसद चर्चा चाहते हैं, प्रियंका बोलीं- सरकार रोज सदन स्थगित करा रही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कोई भी मुद्दे हों, हम सदन की कार्यवाही बाधित नहीं करेंगे। सपा, टीएमसी और कांग्रेस समेत कई पार्टियों के सांसद मेरे पास आए थे। पूरी कांग्रेस पार्टी राज्यसभा में चर्चा करना चाहती है, सिर्फ राहुल गांधी संसद की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेना चाहते। शायद उनका संसदीय लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। सभी सांसद चर्चा चाहते हैं, हर सांसद के लिए उनका संसदीय क्षेत्र अहमियत रखता है। राहुल के लिए कोई मुद्दा मायने नहीं रखता। इधर, प्रियंका गांधी ने कहा कि हम जो प्रदर्शन कर रहे हैं, वो बाहर कर रहे हैं। हम रोज कोशिश करते हैं, लेकिन वे (सरकार) चर्चा नहीं चाहते।

रोज किसी न किसी बहाने सदन को स्थगित करा रहे हैं।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## दर्शनीय स्थल भी होगा विप्र फाउंडेशन का श्री परशुराम ज्ञानपीठ भवन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विप्र फाउंडेशन के मानसरोवर में निर्माणाधीन श्री परशुराम ज्ञानपीठ भवन के विभिन्न सभागार, कक्ष, तल मोतीडूँगरी गणेशजी, नगरधणी श्री गोविंददेवजी, भगवान विश्वकर्मा, माँ भगवती, गौ, गंगा, गायत्री, ऋषि, संत, महात्मा, आचार्य, भक्त, विद्वान, राजा, वीर, वीरांगना, दानवीर, महापुरुष, समाज सुधारक आदि 71 आदर्श चरित्रों के नाम से जाने जायेंगे। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा ने बताया कि ज्ञानपीठ में स्थापित विशेष प्रदर्श पट्टिकाओं में इन चरित्रों के नित्य दर्शन व स्मरण विद्यार्थियों को इतिहास परिचय व सद् प्रेरणा प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल व्यक्तित्व निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इन खास प्रदर्श पट्टिकाओं के निर्माण के संदर्भ में विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा के साथ डॉ सुनील शर्मा, सतीश चन्द्र शर्मा व प्यारेलाल शर्मा ने जयपुर के विश्वविख्यात मूर्तिकार प्रशांत पांडे की ऐतिहासिक कार्यशाला पांडे मूर्ति भंडार का अवलोकन कर उनसे विस्तृत विचार विमर्श किया। सत्यनारायण पांडे, प्रशांत पांडे परिवार विश्व के जाने माने मूर्तिकार हैं जिनके द्वारा निर्मित मूर्तियां अयोध्या मंदिर प्रांगण में भी स्थापित हैं।

# बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन पर संयुक्त राष्ट्र करे हस्तक्षेप : राजस्थान के प्रबुद्धजनों की मांग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे हिंसक अत्याचार और मानवाधिकार उल्लंघन की गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए राजस्थान के प्रबुद्धजनों ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव और राष्ट्रपति के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही नियोजित हिंसा को रोकने, उनके मानवाधिकारों की रक्षा करने और शांति सेना भेजने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट और मोहम्मद यूनुस की ताजपोशी के बाद से धार्मिक अल्पसंख्यकों (हिंदू, बौद्ध, सिख, ईसाई आदि) पर अत्याचार चरम पर हैं। कट्टरपंथी संगठनों द्वारा हिंदुओं के घरों और धार्मिक स्थलों पर हमले किए जा रहे हैं। इस्कॉन मंदिरों पर हमले और देव मूर्तियों को अपमानित करने की घटनाएं इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। बांग्लादेश में धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार से वहां मानवाधिकारों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है तथा वहां की सरकार मूक दर्शक ही नहीं बनी हुई है बल्कि कट्टरपंथियों का संरक्षण भी कर रही है। धार्मिक कट्टरपंथी हिंदुओं पर धर्मांतरण के लिए दबाव बना रहे हैं। धर्मांतरण नहीं करने पर अत्याचार कर रहे हैं। झूठे मुकदमों में स्वामी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी जैसे अनेक धार्मिक संस्थाओं से जुड़े लोगों को जेलों में डाला जा रहा है। ज्ञापन में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघनों पर रोक लगाने, यूएन प्रतिनिधिमंडल भेजकर स्थिति की जांच कराने और हिंदू समुदाय के पुनर्वास एवं क्षतिपूर्ति की मांग की गई। साथ ही, संयुक्त राष्ट्र से बांग्लादेश में शांति सेना भेजने की भी अपील की गई है। प्रतिनिधि मण्डल में मौजूद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायधीश एनके जैन ने बताया कि राजस्थान नागरिक वृन्द बांग्लादेश की घटनाओं को लेकर राज्यपाल से मिले हैं। यूएनओ के महासचिव के नाम राज्यपाल को ज्ञापन दिया है। हमारी मांग है बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचारों को तुरन्त प्रभाव से रोका जाए। मानवाधिकारों की रक्षा की जाए। प्रतिनिधि मंडल में उच्च न्यायालय के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश एनके जैन,



प्रशांत अग्रवाल, सेनि सैन्य अधिकारी कर्नल देवानंद लोमरोड, लेफ्टिनेंट कर्नल महावीर सैनी, सेनि नौसेना अधिकारी कमांडर प्रियंका चौधरी, पूर्व कुलपति मोहनलाल छीपा, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीरसिंह, सेनि पुलिस अधिकारी कन्हैयालाल बैरवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ रमेश अग्रवाल और सेनि बैंक अधिकारी श्याम मनोहर मौजूद थे। ज्ञापन पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत रहे पचास प्रबुद्धजनों ने हस्ताक्षर किए हैं। इनमें न्यायाधीश, प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, सैन्य अधिकारी और शिक्षाविद शामिल हैं।

# स्वावलंबन 2024 कायक्रम का आयोजन, निर्धन महिलाओं और मेधावी छात्रों को मिला सहयोग





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारतीय सर्व समाज महासंघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मनीष शर्मा द्वारा 7 दिसंबर 2024 को साइंस पार्क स्थित ऑडिटोरियम में स्वावलंबन 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही निर्धन और एकल महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। इसके अंतर्गत, सिलाई मशीन, पेयजल की सुविधा के लिए वॉटर कैंपर, तथा निर्धन मेधावी छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा के लिए निशुल्क टैबलेट वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल लाइन्स क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा और कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय सर्व समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार वालिया ने की। इसके अतिरिक्त, विनोद यादव (पूर्व सदस्य, कर्मचारी चयन बोर्ड आयोग), शिल्पी सैनी, लोकेश चौधरी,मनीषा सिंह, और अन्य गणमान्य लोग व विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान, माननीय गोपाल शर्मा ने समाज के ऐसे लोगों का चयन और कार्यक्रम की भव्यता की सराहना की। जिन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर करने की आवश्यकता जताई और इस कार्य के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में भारतीय सर्व समाज महासंघ और इंडियन फिल्म पैनोरमा ट्रस्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम के अंत में, मनीष शर्मा ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्हें सराहा। तत्पश्चात, सभी को अल्पाहार के लिए आमंत्रित किया गया।

# पीएम मोदी ने की जयपुर के अंकित जैन से मुलाकात कर स्टार्ट अप को सराहा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान के तीन युवाओं ने कृषि को उन्नत बनाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान निभाने की दिशा में बड़ा कीर्तिमान हासिल किया है। राजसमंद के नारायण लाल गुर्जर, पूरन सिंह राजपूत और जयपुर के अंकित जैन की मेहनत ने स्टार्टअप ईएफ पॉलीमर के रूप में आकार लिया। इन्होंने लंबी रिसर्च के बाद आर्गेनिक सुपर एब्जॉर्बेंट पॉलिमर फसल अमृत तैयार किया है जो फलों के छिलकों के बायोवेस्ट से बना है। राइजिंग राजस्थान में ईएफ पॉलिमर ने हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईएफ पॉलिमर की स्टॉल पर विजिट किया। को फाउंडर अंकित जैन ने पीएम मोदी को प्रोडक्ट की जानकारी दी। पीएम ने फसल अमृत की सराहना की और ऐसे इनोवेटिव स्टार्टअप करने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। एमडीपीआई (मल्टीडिसिप्लिनरी डिजिटल पब्लिशिंग इंस्टीट्यूट) जैसी प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका में छपे शोध के अनुसार ईएफ पॉलिमर का जैविक उत्पाद फसल अमृत मिट्टी में पानी को रोकता है, कटाव को कम करता है, इसके उपयोग से 40 प्रतिशत कम पानी का उपयोग होता है, 20 प्रतिशत कम उर्वरक का उपयोग और इससे 15 प्रतिशत उपज अधिक होती है। हाल ही में इस स्टार्टअप को एशिया-पैसिफिक क्षेत्र के सबसे इनोवेटिव टेक स्टार्टअप के रूप में मान्यता देते हुए प्रतिष्ठित फोर्ब्स मैगजीन, इंडिया के कवर पेज पर ईएफ पॉलीमर के को-फाउंडर, सीबीडीओ जयपुर निवासी अंकित जैन और को-फाउंडर व सीओओ राजसमंद निवासी पूरन सिंह राजपूत को स्थान मिला है।

फसल अमृत राजस्थान जैसे क्षेत्रों जहां पानी की किल्लत है साथ ही अधिक वर्षा वाले इलाकों में भी समान रूप से कारगर है। 2018 से शुरू हुआ ईएफ पॉलीमर आज भारत, जापान, अमेरिका, फ्रांस, ब्राजील, कज़ाकिस्तान, रूस, चाइना, यूक्रेन, अर्जेनटिना समेत 10 देशों में कार्यरत है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र के हजारों किसान ईएफ पॉलीमर से जुड़े हुए हैं।

# मानवाधिकार दिवस पर घुमंतू समाज ने प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार को दिया धन्यवाद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानव अधिकार दिवस के अवसर पर राजस्थान के ग्रामीण तथा राजधानी जयपुर में आजादी के बाद पहली बार घुमंतू ,अर्ध घुमंतू तथा विमुक्त जाति के गरीब नागरिकों के उत्थान के लिए विशेष अभियान चलाकर सम्मान के साथ बराबरी का हक दिलाने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए इस योजना की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार का घुमंतू समाज के पंच पटेलों ने प्रस्ताव पारित कर घुमंतू समाज उत्थान के लिए किया जा रहे कार्यों को घुमंतू समाज के घर-घर पहुंचना का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। साथ ही सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आ रही परेशानियों पर विचार विमर्श किया गया एवं उनके निराकरण पर चर्चा की गई। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने बताया कि सदियों से अपमान एवं बेसहारा जीवन जी रहे घुमंतू समाज में वास्तविक उत्थान की क्रांति भजनलाल सरकार के कार्य योजना के कारण ही आ पा आ रही हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारीयों ने आरोप लगाया कि इस कार्यक्रम को असफल करने की साजिश कांग्रेस पार्टी लगातार कर रही हैं। लेकिन हम धन्यवाद देते हैं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर तथा सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत का एवं उनकी टीम का जिनकी सटीक कार्य योजना के कारण घुमंतू समाज के अशिक्षित एवं अवसाद की मानसिकता में जी रहे गरीब नागरिकों को सरकार के अधिकारी ढूंढ ढूंढ कर स्थाई जीवन प्रदान करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। इसी दिशा में वर्तमान में 21 हजार पट्टे दिए जा चुके हैं और लगभग 50 हजार से अधिक पट्टे शीघ्र ही देने की योजना पर सरकार कार्य कर रही है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के घुमंतू प्रभाग के प्रदेश प्रभारी अंतर नाथ सपेरा ने सरकार से मांग की है कि वर्तमान में सरकार द्वारा घुमंतू समाज के हित में



चलाए जा रहे कार्यक्रम को लगातार चलाया जाना चाहिए।

प्रस्ताव में हस्ताक्षर करने वालों में भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के आदर्श नगर विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बना, मालपुरा अध्यक्ष गोगा बावरी ,जयपुर जिला संयोजक प्रेम कोली, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रोड़ी देवी बावरी,वरिष्ठ पदाधिकारी संजीव बेनीवाल, पप्पू नाथ, प्रहलाद नाथ, रामधन मीणा, अफसाना, अमित कुमार, जगदीश, कालीदेवी बावरी , सीता देवी, आदि वरिष्ठ पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किए। साथ ही शीघ्र ही एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिल धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भेंट करेंगे।

# खड़े ट्रेलर में घुसा ट्रोला : चालक की मौत, खलासी घायल

## अजमेर रोड पर सोमवार-मंगलवार मध्यरात्रि को हुआ था हादसा, क्रेन की मदद से केबिन को सीधा कर उसमें फंसे चालक को निकाला बाहर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बगरू थाना इलाके में स्थित अजमेर रोड पर सोमवार-मंगलवार मध्यरात्रि को खड़े ट्रेलर में पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रोला घुस गया। हादसे में ट्रोले के क्षतिग्रस्त केबिन में फंसने से ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि खलासी घायल हो गया। पुलिस ने क्रेनों की मदद से क्षतिग्रस्त केबिन को तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है। घायल खलासी का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि हादसा ट्रेलर के ब्रेक डाउन होने से हुआ है। हादसे की जांच पुलिस कर रही है। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया था। थानाधिकारी मोती लाल शर्मा ने बताया कि हादसा एनएच-28 पर दहमी बालाजी फ्लाईओवर के पास हुआ। सोमवार-मंगलवार मध्यरात्रि एक बजे टाइल्स से भरे ट्रेलर के अचानक ब्रेक हाउस हो गए। इसके कारण वह बीच रोड पर खड़ा हो गया। इसी दौरान बीच रोड पर खड़े ट्रेलर में पीछे से आ रहा तेज रफ्तार ट्रोला जा घुसा। तेज धमकाने के साथ ही ट्रोले का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद चालक व खलासी केबिन में फंस गए। पुलिस ने क्रेनों की मदद से केबिन को तोड़कर उसमें फंसे चालक व खलासी को बाहर निकाला। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ड्राइवर के शव को बाहर निकाला जा सका। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दोनों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। केबिन फंसने से ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने क्रेनों की मदद से ट्रेलर और ट्रोले को जब्त कर बगरू थाने खड़ा करवाया। जिसके बाद एक्सीडेंट की वजह से हाईवे पर लगे जाम को मशक्कत कर खुलवाया गया।

# 500 सीसीटीवी कैमरे खंगाले तब दबोचे 60 से अधिक चोरी की वारदात करने वाले बदमाश

## 31 गैस सिलेण्ड और चोरी की दो बाइक बरामद, मौज-मस्ती और शौक पूरा करने के लिए करते थे चोरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विद्याधर नगर थाना पुलिस ने शहर के अलग-अलग जगहों से गैस सिलेण्डर और बाइक चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफतार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 31 गैस सिलेण्डर तथा एक पावर बाइक सहित दो मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। गिरफ्तार आरोपी अजय सोनी एवं संजय सोनी मूलत: कुचामन सिटी हाल किरायेदार ब्रह्मपुरी के रहने वाले है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि थाना विधाधर नगर निवासी सिद्वार्थ जागिड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर की गैलरी में रखे हुए गैस सिलण्डर को चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया गया।

**पांच सौ सीसीटीवी फूटेज खंगाली :** डूडी ने बताया कि आरोपियों को पकडने के लिए घटनास्थल के आस पास के पांच सौ सीसीटीवी फूटेज चैक किए तथा बदमाशों का रुट मैप तैयार किया गया। टीम ने इनपुट व तकनिकी सहायता के आधार पर दोनों आरोपीयो को भट्टाबस्ती स्थित सुनसान सरकारी क्वाटर्स से गिरफतार कर लिया। प्रारम्भिक पुछताछ मे दोनों बदमाशों ने शास्त्रीनगर, बनीपार्क, मुरलीपुरा, झोटवाडा, करधनी, विश्वकर्मा सहित अन्य इलाकों से सिलेण्डर चोरी की करीब 60 से अधिक वारदात करना कबूल किया है।




**31 गैस सिलेण्डर और चोरी की दो बाइक्स बरामद :** पुलिस ने बताया कि अरोपियों के कब्जे से विभिन्न गैस कंपनियों के 31 गैस सलेण्डर व एक पावर बाइक सहित दो मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मौज-मस्ती और अपने शौक पूरा करने के लिए चोरी किए गैस सिलेण्डर्स को ओने-पोने दामों में बेच देते थे। साथ आरोपियों ने यह भी बताया कि उन्होंने विधानसभा के सामने से एक बिना नंबर की डिलक्स बाइक भी चोरी की थी।

# पीड़ित महिला भरण पोषण नहीं मिलने को लेकर पंच पटेलों के साथ अपनी व्यथा को लेकर पहुंची भाजपा प्रदेश कार्यालय

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय पर कावेरी पत्नी गंगा सहाय ग्राम बंजारी तहसील बामनवास की एक महिला न्यायालय के आदेशानुसार भरण पोषण के पैसे नहीं मिलने को लेकर भाजपा कार्यालय पर गांव के पंच पटेलों के साथ पहुंची। पीड़ित महिला ने अपनी ही जिठानी पर अवैध संबंध होने के आरोप लगाते हुए कहा की मुझे छोड़कर कई वर्षों से मेरा पति सोडाला में रहने लगा और मेरी तरफ कोई ध्यान आकर्षण नहीं किया। तब मैंने कोर्ट की शरण ली और माननीय कोर्ट ने मुझे न्याय दिया। लेकिन पुलिस प्रशासन की अनदेखी के चलते कोर्ट के आदेशों की पालना नही हो रही है।

ऐसे में पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। और अब देखना यह होगा की आखिर कोर्ट के आदेशों की पालना कब तक होती है। पीड़िता के साथ आए चार-पांच व्यक्तियों ने भी पीड़िता को न्याय दिलाने को लेकर भाजपा कार्यालय पर भाजपा पदाधिकारी से संपर्क किया।

# पिंक सिटी से चोरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली बयाना पुलिस ने बरामद की

## जीपीएस से मालूम चली ट्रैक्टर की लोकेशन, टायरों पर फायरिंग कर रोका पुलिस ने, तीन बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** जयपुर के शास्त्री नगर से रविवार रात चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को बयाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 12 घंटे बाद ही भरतपुर-करौली जिले की सीमा पर स्थित डांग इलाके से बरामद कर लिया। पुलिस ने चोरी की घटना में लिप्त तीन बदमाशों को भी गिरफ्तार किया है। ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को ट्रैक्टर के टायर में सरकारी राइफल से दो फायर भी करने पड़े। ट्रैक्टर में लगे जीपीएस से लोकेशन पता चली। पकड़े गए तीनों आरोपियों सहित चुराए गए ट्रैक्टर ट्राली और वारदात में लिप्त एक ऑटो को जयपुर की शास्त्री नगर थाना पुलिस को सौंपा जाएगा। मामले में गिरफ्तार हुए आरोपी धौलपुर के बाड़ी सदर थाना इलाके के गांव कचहलपुरा निवासी हरेंद्र (27) पुत्र महेंद्र सिंह गुर्जर, संदीप (25) पुत्र बटकना गुर्जर और गांव मतसूरा मठ निवासी बृजेश (21) पुत्र शंकर गुंसाई हैं। जबकि इनका एक साथी कचहलपुरा निवासी साहब सिंह पुत्र मंगल गुर्जर भाग निकलने में कामयाब हो गया।

### चोरी हुआ ट्रैक्टर ट्रॉली हेरिटेज नगर निगम में ठेके पर लगा हुआ था

एडिशनल एसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि सोमवार अल सुबह पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक ट्रैक्टर ट्रॉली जयपुर के शास्त्री नगर इलाके से चोरी हुआ है और उसकी लोकेशन बयाना क्षेत्र में आ रही है। इस पर सर्कल के थानों की पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कर सभी संभावित रास्तों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। गांव ज्ञानी का बेड़ा के पास ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई दी। पुलिस टीम ने ड्राइवर को ट्रैक्टर रोकने का इशारा किया, लेकिन रुकने के बजाय ड्राइवर ने ट्रैक्टर को तेजी से भगा दिया। इस पर पुलिस टीम ने ट्रैक्टर के टायरों में दो फायर किए। ट्रैक्टर पर बैठे दूसरे आरोपी हरेंद्र गुर्जर को पुलिस टीम ने दबोच लिया। पूछताछ में हरेंद्र ने बताया कि उनके साथ वारदात में शामिल ऑटो में सवार दो युवक संदीप और बृजेश भी हैं। जो ट्रैक्टर से करीब 2 किमी आगे रैकी करते हुए चल रहे हैं। जिन्हे करीब 1 घंटे बाद पुलिस ने आगे जाकर ऑटो सहित पकड़ लिया।



# दीपांकर चक्रवर्ती ने जीती प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग प्रतियोगिता




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** देहरादून में 4 से 8 दिसंम्बर तक आयोजित हुई 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में उदयपुर के दीपांकर चक्रवर्ती व चंडीगढ़ के शैलेन्द्रसिंह सोम की जोड़ी ने प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग प्रतियोगिता का खिताब जीता। दीपांकर व शैलेन्द्रसिंह ने फाईनल में दिल्ली के अशोक भल्ला व अनिल कुमार की जोड़ी को 9-6 से पराजित कर खिताब जीता। इससे पूर्व दीपांकर व शैलेन्द्रसिंह की जोड़ी ने सेमिफाईनल में असम के भ्रगु फुकन व व अजय पाण्डे की जोड़ी को 9-4 से पराजित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से एमबीए, सीए, चिकित्सक,पीएचडी होल्डर सहित प्रोफेशनल के रूप में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेताओं व उप विजेताओं को पुरूस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान की गई।

# राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर 12 से 15 दिसम्बर तक आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्व होने के उपलक्ष्य में जिला स्तर पर 12 से 15 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर संबंधित अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया हैं। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार 12 दिसम्बर को प्रात: 08 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारम्भ जिला कलक्टर द्वारा सुबह 10 बजे नगर परिषद परिसर में किया जायेगा तथा प्रात: 11 से दोपहर 02 बजे तक युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव का आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में होगा। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन, जिला विकास पुस्तिका का विमोचन व प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जायेगी। साथ ही 13 दिसम्बर को किसान सम्मेलन का आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगा। उन्होंने बताया कि 14 दिसम्बर को अंत्योदय सेवा शिविर एवं महिला सम्मेलन का आयोजन होगा तथा 15 दिसम्बर को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण किया जायेगा। जिला कलक्टर ने कहा कि आयोजित कार्यक्रमों के दौरान नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसीईओ रामनिवास सहित जिला स्तरीय अधिकारी, उपखंड अधिकारी व विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस अब हार्डकोर अपराधियों का रिकॉर्ड ऑनलाइन करने में जुटी

### पुलिस में एमओबी शाखा ने आदतन अपराधियों के फिंगर व फुट प्रिंट लेना किया शुरू, ऑनलाइन होगा रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हार्डकोर बदमाशों का रिकॉर्ड अब पुलिस ऑनलाइन करने में जुट गई है। ताकि अपराध की अवस्था में उनकी धरपकड़ और पहचान में आसानी हो। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण जिले की मनोहरपुरा थाना पुलिस ने हार्डकोर बदमाशों का रिकॉर्ड ऑन लाइन रखना शुरू कर दिया हैं। हाल ही में थाना पुलिस की गिरफ्त में आए अंतर जिला गैंग के बदमाशों के एमओबी शाखा जयपुर ग्रामीण की टीम ने फिंगर व फुट प्रिंट लेकर बदमाशों का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा हैं। पुलिस ने गिरफ्तार इन पांचों बदमाशों को रिमांड पर लेकर इन की पूरी जानकारी ऑन लाइन डाल दी हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि थाना मनोहरपुर पर 8 किसानों के खेतों से 93 नोजल चोरी होने के संबंध में प्रकरण दर्ज हुआ था जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनिया, सीओ शाहपुरा मुकेश चौधरी,सीआई मनोहरपुर राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर तकनीकी सहायता से गश्त के दौरान संदिग्ध वाहन वर्ना गाडी को चौक किया गया तो उसमे पांच लोग संदिग्ध लगने पर थाना मनोहरपुर पर लाकर गहनता से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि उनके द्वारा नोजल चोरी की गई। इस के अलावा आरोपियों अलग अलग जिलो में चोरी, नकबजनी, लूट व डकैती करना भी स्वीकार किया। बदमाशों ने रायसर से नोजल चोरी की 9 वारदात, इलाका थाना मनोहरपुर से नोजल चोरी की 5 वारदात, थाना चन्दवाजी, शाहपुरा, विराटनगर से भी नोजल चोरी की 2-2 वारदात करना कबूल किया। साथ ही चन्दवाजी में राह चलती महिला के गले से ज्योला व नाक की नथ तोड़ने की वारदात कबूल की। इस गैंग के सदस्यों ने अलग-अलग 40 वारदात करना कबूल किया। बदमाश रिमांड पर हैं जिन से पूछताछ की जा रही हैं। जांच में सामने आया है कि ये बदमाश आदतन अपराधी हैं। जिस पर एमओबी शाखा के विशेषज्ञों द्वारा फिंगर व फुट प्रिंट लेकर खाका तैयार किया गया है। बदमाशों का अन्य थानों से रिकॉर्ड लेकर एचएस खोली जाएगी।

# व्याख्यान माला व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशन में यहाँ के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय एवं तालुका विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होंने क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में मानव अधिकारों के प्रति समझ एवं जागरूकता पैदा करने पर बल दिया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 146 विद्यार्थियों नें भाग लिया। जिनमें सिमरन सैनी, मोनिका स्वामी, चिराग सिंह तंवर, प्रियांशु शर्मा, रोहित यादव ने 100 में से 90 स्कोर प्राप्त किया। अध्यक्षता करते हुये डॉ. मधु नागर ने कहा कि मानव अधिकारों का संरक्षण तभी संभव है, जब हर व्यक्ति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें। मुख्य वक्ता प्रो. घनश्याम गुर्जर ने मानव अधिकारों के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और उनके समकालीन महत्व पर प्रकाश डाला।

# स्कूल में छात्र-छात्राओं को कहा : अध्ययन के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी-स्कूल चेयरमैन केशवदेव शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** मीराना रोड सुभाष चौक स्थित सरस्वती सेवा संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 6 से 9 वीं तक के बालक बालिकाओं की बिभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन चेयरमैन केशव देव शर्मा,एकेडमिक हैड मनोज दीक्षित,डॉ0 कुमार शास्त्री, प्रिंसिपल मनोज सैनी इंस्टिट्यूशन हैड पंकज पाठक के सानिध्य में कराया गया।संस्था चेयरमैन केशव देव शर्मा ने कहा कि अध्ययन के साथ साथ विद्यार्थियों को खेल कूद में भी बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। खेलकूद से मानसिक तनाव दूर रहता होता है। और मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अब्बल आए और जिन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लिया सभी छात्र छात्रों को बधाई दी। प्रतियोगिता दौड़ में अजय, पलक ,अभय,नितेश,आदित्य अंजलि, मोहित एवं कबड्डी में अरमान, कौशल,आदित्य,अन्ना इसी प्रकार सुलेख प्रतियोगिता में हनी, अभिनय, अनन्या, देव कसाना, उमा, दीक्षा, ब्रजेश, देवेंद्र, दिव्यांशी,साक्षी,मीना तथा प्रोजेक्ट में योगिता प्राची, इशिका, साक्षी गुर्जर व डिबेट्स में ऋषि व जन्नत अव्वल आए। सभी अव्वल आए प्रतियोगियों को पारितोषिक प्रार्थना सभा में प्रदान किये गये। इस अवसर पर वीरेंद्र गुर्जर,प्रशांत सैनी,अंकित शर्मा,नटवर सिंह, राहुल नगाइच, रामवीर,मनीष सोलंकी, अनिल शर्मा,ललित कुमार,मुन्ना लाल,इंदु शर्मा,सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

# ऐश्वर्या चल वैजयंति तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** ऐश्वर्या कॉलेज द्वारा तीन दिवसीय 14वीं ऐश्वर्या चल वैजयंती प्रतियोगिता का शुभारंभ पोस्टर प्रतियोगिता के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय फाइनआर्ट कलाकार डॉ. चिन्मय डांगी एवं प्रसिद्ध लेखिका श्रीमती प्रमिला शरद के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का मुख्य विषय श्रंगीलो राजस्थानश् रखा गया। प्रतिभागियों ने राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपनी कलाकृतियों में उतारा। पोस्टर्स में राजस्थान के रंग-बिरंगे परिधान, लोक कलाएं, ऐतिहासिक धरोहर, रेगिस्तान की सुंदरता एवं राजस्थानी लोक जीवन की झलक देखने को मिली।आगामी दो दिनों में क्रमश: निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में निबार्क टीटी कॉलेज, गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, स्कोलरर्स एरिना गर्ल्स बीएड कॉलेज, डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, विवेकानंद कॉलेज, बीएन पीजी कॉलेज में भाग लिया। डॉ. डांगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया की इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की रचनात्मक एवं बौद्धिक क्षमताओं का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन खुशमिता चंदेरिया एवं प्रिया कंसारा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रांजल मोगरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। ऐश्वर्या शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राशि माथुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में कला, लेखन एवं वाक् कौशल का विकास करना है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विजेता रहने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पानी में करन्ट आने से दो दिनों में दो गायों की मौत





बढ़ता राजस्थान

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के वार्ड नं. 37 स्थित मौहल्ला सराय में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विधालय के पास आम रास्ते पर जल भराव के चलते वार्डवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं विगत दो दिनों में आम रास्ते में भरे पानी में करन्ट दौड़ जाने से दो गायों की मृत्यु भी हो चुकी है। इस सम्बंध में स्थानीय वार्डवासी शिवकुमार गोयल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा,जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी व आयुक्त धर्मपाल जाट को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। जिसमें बताया है कि आम रास्ते पर रोड़ लाईट की अन्डर ग्राउण्ड केबल जगह-जगह से कटी हुई है। वहीं नाली का पानी भी अवरूद्ध होने के कारण सडक़ पर भरा रहता है। इसी पानी में करन्ट दौड़ जाने से स्थानीय नागरिकों की जान को खतरा बना हुआ है। यही नहीं विगत दो दिनों में दो गायें उक्त पानी में करन्ट से दम भी तोड़ चुकी है। ज्ञापन में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की गई है।

# सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक दल एवं पुलिस मित्रों की बैठक आयोजित

## व्यापारियों ने शहर की विभिन्न समस्याओं से करवाया अवगत

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** पुलिस थाने में सीएलजी सदस्यों, ग्राम रक्षक दल एवं पुलिस मित्रों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें व्यापारियों द्वारा शहर की विभिन्न समस्याओं से पुलिस अधिकारियों को अवगत करवाया गया। सहायक उप निरीक्षक गिरधारी लाल ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता है। जिसमें सभी व्यापारियों एवं आमजन का सहयोग जरूरी है। उन्होंने व्यापारियों से अपनी दुकान के बाहर सामान नहीं रखने एवं अपने वाहन निर्धारित स्थान पर खड़े करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रदीप अग्रवाल, इरफान कुरैशी, इंद्राज खिंपल, अमरसिंह कुमावत, रामसिंह पायला, हीरालाल सैनी, वीरू कसाना, उमेश कसाना, भूपेन्द्र सैनी, गुड्डू समेत अन्य मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला सेना का जवान

## सूरत से दिल्ली जाते समय हुआ हादसा, ट्रेन से गिरने से हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना के उच्चैन थाना इलाके में रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव टुकड़ों में पड़ा मिला। मृतक के मामा के लड़के ने सोमवार की रात भरतपुर रेलवे पुलिस को उसकी गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। मंगलवार को जब रेलवे ट्रैक पर शव मिला तो रेलवे पुलिस ने मृतक के भाई को सूचना देकर शव की शिनाख्त करवाई। फिलहाल शवों के टुकड़ों को उच्चैन अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया गया है। मृतक के भाई प्रीतम ने बताया-वह सोमवार रात को अपने मामा के लड़के राजकुमार (44) के साथ सूरत से दिल्ली जा रहा था। इस दौरान वह अचानक ट्रेन से गायब हो गया। प्रीतम ने राजकुमार की गुमशुदगी की शिकायत भरतपुर रेलवे पुलिस को दे दी और वह दिल्ली चला गया। मंगलवार को रेलवे पुलिस ने सूचना दी कि एक व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर कई टुकड़ों में पड़ा मिला है। जिसके बाद प्रीतम उच्चैन पहुंचा। शव को देखा तो वह राजकुमार का ही शव था। प्रीतम ने बताया की राजकुमार बाखर तहसील धर्मशाला जिला राजौरी जम्मू का रहने वाला था। वह आर्मी से रिटायर्ड था। अब वह सूरत में एक सिक्योरिटी कंपनी में नौकरी कर रहा था। वह सूरत से जम्मू जाने के लिए निकले थे। इसलिए वह पहले दिल्ली और वहां से जम्मू जाने वाले थे। उच्चैन थाना अधिकारी का कहना है कि हमें रेलवे पुलिस द्वारा सूचना मिली की जयचौली और पिंगौरा रेलवे स्टेशन के बीच व्यक्ति का शव टुकड़ों में पड़ा हुआ है। शव को पेट्रोलिंग करते समय रेलवे के जमादार धर्मवीर ने देखा था। फिलहाल शव की शिनाख्त करवाकर शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

# नीरजा मोदी स्कूल को मिला इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड-2024




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** सोजतिया ग्रुप द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल को एजुकेशन टूडे द्वारा इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। चेयरमेन डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि प्रतिष्ठित एजुकेशन टूडे समूह द्वारा अवॉर्ड के लिए नीरजा मोदी स्कूल उदयपुर का चयन किया गया है। साथ ही स्कूलों को 15 मापदंडों के तहत वर्गीकृत किया गया है, जिसमें अकादमिक प्रतिष्ठा, शिक्षकों का विकास और कल्याण, सह-पाठयक्रम शिक्षा, खेल शिक्षा, डिजिटल लर्निंग एडवांसमेंट, छात्रों का विकास और मार्गदर्शन, गुणवत्ता प्रबंधन में नेतृत्व, अभिभावको की सहभागिता, उच्च कोटि का लर्निंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, वैल्यू फॉर मनी, सामुदायिक सेवा, समग्र शिक्षा, छात्रों की मनोवैज्ञानिक कल्याण, सीखने पर व्यक्तिगत ध्यान। इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड्स 2024 जूरी रेटिंग, पेरेंट्स के वोट और एजुकेशन टुडे टीम एनालिसिस (धारणा आधारित, सर्वेक्षण और नामांकन आधारित) पर आधारित हैं। द ताज बेंगलूरू में आयोजित भव्य समारोह मे स्कूल की निदेशिका साक्षी सोजतिया ने यह प्रतिष्ठित अवार्ड प्राप्त किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था के फाउंडर प्रोफेसर रणजीत सिंह सोजतिया, ट्रस्टी रीना सोजतिया, डॉ ध्रुव सोजतिया और नेहल सोजतिया, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की तथा विद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।


**कार्यालय उप वन संरक्षक (परियोजना), टोंक**

**Mail ID : defp.tonk.forest@rajasthan.gov.in**

**Telephone number :- 01432-253216**

क्रमांक / उवसंपरि/ 2024-25 / 12185222 दिनांक 03.12.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना 03/2024-2025**

कार्यालय उप वन संरक्षक (परियोजना), टोंक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत पक्के निर्माण कार्य (Water Harvesting Structure ) निर्माण हेतु जारी ई-निविदा सूचना संख्या 03 / 2024-2025 दिनांक ......3.12. 2024 ..... (कुल अनुमानित लागत 17.21 लाख) की सामग्री / कार्य प्रदाय करने हेतु विर्निदिष्ट पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / एजेन्सी / फर्म से ई - निविदा (तकनीकी - वाणिज्यिक बिड व वित्तीय / प्राईस बिड) दिनांक 03.12.2024 से दिनांक 12.12.2024 को सांय 6.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। विस्तृत निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्युरमेंट पोर्टल eproc.rajasthan.gov.in http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**NIB NO. - FOR2425A1715**
**UBN NO.- FOR2425WSOB02368**

(सुरेश अग्रवाल )
उप वन संरक्षक (परियोजना) टोंक

## सम्पादकीय

### सीरिया तख्तापलट की कहानी, 13 साल पहले भी हुआ था विद्रोह

पिछले कुछ वर्षों में तानाशाह शासकों के खिलाफ विद्रोह और तख्तापलट की कई घटनाएं हो चुकी हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश में भी कुशासन के विरुद्ध जनआक्रोश फूटा और सत्ता परिवर्तन हो गया। सीरिया इसका ताजा उदाहरण है, जहां विद्रोही गुटों ने बशर अल-असद का तख्तापलट कर दिया। पिछले ग्यारह दिनों के संघर्ष के बाद विद्रोही गुटों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया। हालांकि असद सरकार के दमनकारी रवैये, कुशासन और तानाशाही के खिलाफ लोग काफी समय से नाराज थे।

करीब तेरह वर्ष पहले असद को सत्ता से हटाने की मांग के साथ वहां जनआंदोलन उभरा था। मगर असद उस विद्रोह को दबाने में कामयाब रहे थे। इस बार सीरियाई सेना ने एक तरह से आत्मसमर्पण कर दिया और बिना किसी खून-खराबे के विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम यानी एचटीएस ने आसानी से दमिश्क पर कब्जा कर लिया।

सीरिया में विद्रोह की चिंगारी तभी फूटी थी, जब कई अरब देशों में तानाशाहों के खिलाफ जनाक्रोश भड़का था, जिसे 'अरब स्प्रिंग' कहा जाता है। अब सीरिया में तख्तापलट का बड़ा कारण रूस और ईरान का मदद से हाथ खींच लेना माना जा रहा है।

#### सीरिया में विद्रोही गुट खुश

हालांकि सीरिया में विद्रोही गुट की कामयाबी पर एक बड़े हिस्से में खुशी जताई जा रही है। भारत ने भी वहां शांतिपूर्ण और समावेशी प्रक्रिया के तहत सत्ता हस्तांतरण की उम्मीद जताई है। पर यह सवाल अपनी जगह है कि क्या वास्तव में सीरिया में लोकतांत्रिक प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसके पहले तानाशाही से मुक्त हुए लीबिया, अफगानिस्तान आदि देशों का उदाहरण सामने है, जहां तख्तापलट के बाद भी स्थितियां बेहतर होने के बजाय बदतर ही होती देखी गई हैं।

सीरिया में भी विद्रोही गुट की कमान कट्टरपंथियों के हाथ में है, जो अल-कायदा से जुड़े रहे हैं। इसके अलावा, वहां कई देशों और अलगाववादियों के अपने स्वार्थ हैं। ईरान और रूस सीरिया के साथ इसलिए बने हुए थे कि सीरिया रणनीतिक रूप से मध्यपूर्व का एक महत्त्वपूर्ण देश है। ईरान को हमास और हिजबुल्ला जैसे चरमपंथी संगठनों के लिए साजो-सामान जमा करने के लिए सीरिया सबसे उपयुक्त जगह है।

अमेरिका का दबदबा कम करना था रूस का मकसद-रूस का स्वार्थ तेल और मध्यपूर्व में अमेरिकी दबदबा रोकने को लेकर जुड़ा है। इसके अलावा, कुर्दिस्तान की मांग को लेकर कुर्द विद्रोहियों के अपने समीकरण हैं। एचटीएस में शामिल विद्रोही गुटों के भी अपने-अपने स्वार्थ हैं। इस तरह सत्ता हस्तांतरण के बाद वहां लोकतांत्रिक सरकार बन सकेगी और आम लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए समावेशी नीतियां बन सकेंगी, कहना मुश्किल है।

दुनिया में कहीं भी लोग तानाशाही पसंद नहीं करते। सीरिया में असद और उनके पिता की तानाशाही और दमन से लोग परेशान थे। इस दृष्टि से लोगों में लोकशाही की उम्मीद स्वाभाविक है।

# भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता

**विभिन्न शैक्षिक सुधारों और नीतियों के बावजूद, भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली को बहुआयामी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में महत्त्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जो लंबे समय तक चलने वाले शैक्षणिक पथ और सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के बीच की खाई के कारण चुनौतियों का सामना कर रही है। कई सुधारों के बावजूद, इन मुद्दों को सम्बोधित करने के लिए आमूलचूल परिवर्तन की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता बनी हुई है। इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की मांगों के अनुरूप कौशल प्रदान करना, जीवन के मील के पत्थर और आधुनिक चुनौतियों के लिए तत्परता बढ़ाना है।**

**प्रियंका सौरभ**



कोठारी आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफ़ारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर ज़ोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को ख़त्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को नि:शुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की ज़रूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया।

समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को ख़त्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर ज़ोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50त्न बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में, परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँ- शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद, तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिए- डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है।

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता वास्तविक दुनिया के कौशल के साथ संरेखण की मांग करती है। आमूलचूल परिवर्तन छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के बजाय व्यावहारिक कौशल से लैस करने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, शिक्षा को वास्तविक दुनिया की मांगों के साथ संरेखित कर सकता है। फ़िनलैंड की शिक्षा प्रणाली व्यावहारिक कौशल और हाथों से सीखने पर ज़ोर देती है, जिसके परिणामस्वरूप छात्रों की अधिक सहभागिता और रोज़गार क्षमता होती है। आमूलचूल सुधार लचीले शिक्षा मार्ग प्रदान कर सकते हैं, जिससे छात्रों को उनकी रुचियों के आधार पर अलग-अलग सीखने के मार्ग अपनाने की अनुमति मिलती है। जर्मनी की दोहरी शिक्षा प्रणाली व्यावसायिक शिक्षा और अकादमिक शिक्षा के बीच संतुलन प्रदान करती है, जिससे रोज़गार क्षमता में सुधार होता है। अधिक छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण में बदलाव से छात्रों में रचनात्मक सोच, समस्या-समाधान और आलोचनात्मक तर्क को बढ़ावा मिलेगा। इंटरनेशनल बैकलॉरिएट कार्यक्रम रचनात्मकता, संस्कृति और संज्ञानात्मक कौशल सहित छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।

आमूलचूल परिवर्तन उच्च-दांव वाली परीक्षाओं से दूर जा सकता है और अधिक निरंतर मूल्यांकन विधियों को अपना सकता है, जिससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम हो सकता है। सिंगापुर ने छात्रों के प्रदर्शन को मापने, तनाव को कम करने और सीखने के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर मूल्यांकन रणनीतियों को लागू किया है। आमूलचूल परिवर्तन से पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है, जिससे पहुँच और सहभागिता बढ़ सकती है। कौशल-आधारित शिक्षा को शामिल करने जैसे पारंपरिक सुधारों से परे अभिनव समाधान। शुरुआती चरण में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा शुरू करने से छात्रों को व्यावहारिक क्षमताओं से लैस किया जाएगा, जिससे वे कार्यबल के लिए तैयार होंगे। दक्षिण कोरिया तकनीकी शिक्षा को मिडिल स्कूल से अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करता है, जिससे एक कुशल कार्यबल तैयार होता है। ऑफ़लाइन और ऑनलाइन सीखने का संयोजन शैक्षिक विभाजन को पाट सकता है, जिससे जुड़ाव और पहुँच बढ़ सकती है।

स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने-सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश काउंसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे। उदाहरण के लिए- जापान ने अपने पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत किया है, जिससे छात्रों के कल्याण और प्रदर्शन में सुधार हुआ है। स्थानीयकृत शिक्षा मॉडल- क्षेत्रीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को तैयार करने से जुड़ाव और प्रासंगिकता में सुधार होगा।

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आमूलचूल सुधारों की आवश्यकता है। फिनलैंड के छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और दक्षिण कोरिया के व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए हृश्वक्र2020 के दृष्टिकोण के साथ मिलकर समावेशी और टिकाऊ शैक्षिक परिणाम प्राप्त कर सकता है।

# इंडिया गठबंधन में बढ़ती दरारें एवं मुश्किलें

**ललित गर्ग**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दें पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है।

निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं और दिल्ली में ही ऐसा होता हुआ दिख रहा है। कांग्रेस, आप एवं भाजपा के त्रिकोणीय संघर्ष का फायदा भाजपा को ही मिला है और आगे भी ऐसा ही होने की संभावनाएं है।

महाराष्ट्र चुनाव में भी विपक्षी गठबंधन इंडिया बिखरा हुआ ही प्रतीत हुआ, सपा ने शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ा, भले इससे राज्य की सियासत पर असर न पड़ा हो, लेकिन इसके गहरे राजनीतिक मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का इंडिया को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है।

विभिन्न राज्यों में जहां-जहां इंडिया गठबंधन दलों की सरकारें हैं, वे अडाणी जैसे मुद्दों से दूरी बनाना चाहते हैं। ममता बनर्जी ने जिस तरह यह कहा कि उनका दल कांग्रेस की ओर से उठाए गए किसी एक मुद्दे को प्राथमिकता नहीं देगा, उससे यही संकेत मिला कि वह नहीं चाहतीं कि अदाणी मामले को तूल दिया जाए। कांग्रेस को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि गत दिवस ही माकपा के नेतृत्व वाली केरल सरकार ने बंदरगाह के विकास के लिए अदाणी समूह के साथ एक पूरक समझौते को अंतिम रूप दिया। साफ है कि माकपा भी अदाणी मामले में कांग्रेस के रुख से सहमत नहीं। तेलंगाना सरकार ने अदाणी समूह के साथ एक समझौता कर रखा है और अतीत में राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने भी राज्य में इस समूह के निवेश को हरी झंडी दी थी। आखिर राहुल गांधी इन स्थितियों



को क्यों नहीं समझ एवं देख रहे हैं?

विपक्ष गठबंधन इंडिया में सबसे ज्यादा कमी आम सहमति की दिखाई देती है। सीटों से लेकर मुद्दों तक, सहयोगी दलों के बीच कहीं एकजुटता एवं आम सहमति नहीं दिखती। इसी शीतकालीन सत्र में अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपनी खोयी राजनीतिक जमीन को पाने के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय राजनीति की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाए तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र चुनाव के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आई थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। यह कैसा गठबंधन है, जिसमें इतने अंतर्विरोध एवं असहमतियां हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है और इससे गठबंधन की मूल विचारधारा पर प्रश्न खड़े होने भी स्वाभाविक है। गठबंधन की सफलता के लिये नीति एवं नियत में एकजुटता जरूरी है। गठबंधन तभी सफलता से चलता है, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें और किसी बड़े लक्ष्य को सामने रखे। क्षेत्रीय पार्टियों की बहुलता और अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग क्षेत्रीय पार्टियों की प्रधानता के चलते भी इस तरह के गठबंधन को लंबे समय तक चला पाना मुश्किल हो जाता है। चुनावी हार और सत्ता से बाहर होने की स्थिति में तो ऐसे गठबंधन को संभालना लगभग असंभव ही हो जाता है।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है भीलवाड़ा कल्क्टर श्री नमित मेहता। बहुत ही संवेदशनील अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। 24 फरवरी सन 1985 को जोधपुर में जन्में सीए,ए सीएस पीजीओ.एसएपीएम, आईसीडब्ल्यू इंटर एम कॉम से शिक्षा लेकर सिविल सविर्सज की तैयारियां की और आज जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,भीलवाड़ा पद को सुशोभित कर रहे हैं।

इससे पूर्व ये जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, पाली। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बीकानेर। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जैसलमेर। आयुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर। अतिरिक्त आयुक्त वैट एण्ड आईण्टी वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान जयपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् चित्तौड़गढ़।

उपखण्ड अधिकारी, ब्यावर अजमेर। उपखण्ड अधिकारी, बीकानेर उत्तर रहे। यंग और डायनेमिक अधिकारी के रूप में मेहता को जाना जाता रहा है। यही नहीं जनता के बीच तालमेल बनाकर रखने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के लिए इन्हें अनेकों पुरूस्कारों से नवाजा गया है जैसे विकासशील भारत संकल्प यात्रा। सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्टता के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार- 2023। राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सराहनीय सेवाओं के लिए धन्यवाद बैज।

जिला कलेक्टर के रूप में सर्वश्रेष्ठ राजस्व न्यायालय निर्णय देने के लिए राज्य पुरस्कार। राजस्थान ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2018-19। जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार। जिला कलेक्टर के रूप में सराहनीय सेवा के लिए राज्य स्तरीय प्रमाणपत्र।




श्री नमित मेहता (आईएएस)

हथियारों के भाईचारे को मजबूत करने और रूस के साथ सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए। ऐसे ऊर्जावान शख्सियत के लिए दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## 'संतोष का संगीत'

बस सब कुछ बज रहा.. है, सुनाई भी दे रहा है,दिखाई भी दे रहा है पर जिसकी अति आवश्यता है उसी संगीत को हम सुनना नही चाहते। जब-जब संतोष की बात मन मे आती है कामना माथे पर नाचने लगती है। जिसका मकान बड़ा है उसे ओर बड़ा चाहिए, जिसके पास ऑलरेडी काफी बड़ा है उसे ओर भी बड़ा चाहिये। आजकल तो नया ट्रेंड चल गया है,एक गाड़ी तो गरीब के पास भी है अमीर हैं तो कम से कम दो तो होनी चाहिये, ये बताने के लिए कि आजकल शहर में कितनी भीड़ रहती है,जगह-जगह जाम से हालात पैदा हो जाते हैं इसलिए शहर के लिए छोटी ली हुई है और बाहर जाने के लिए बड़ी। इस भागम-भाग में हम आनन्द का,शांति का, मौज का वह संगीत भूल बैठे हैं, जो हमे हर हाल में चाहिए ही था। मरते वक्त ही देख लो। इंसान को यदि ये कह दें कि तेरी दुकान पर ग्राहक खड़ा हुआ है तो उसके मन से वो ग्राहक के प्रति लगाव खत्म हो जाएगा क्योंकि अब उसे सत्य नजर आ रहा होता है कि इतने प्लाट,इतने मकान अब ये कुछ काम के नहीं बस अब तो 6 गुणा 3 का प्लॉट ही मेरी ओरिजनल वसीयत है और वो भी मात्र 2 दिन के लिए तीसरे दिन तो वहां मेरे जैसे कोई या मेरे से बड़े लैंडलोर्ड की जगह होगी। जीवन मे संतोष का संगीत कोई बजाना नहीं चाहता,कोई सुनना नहीं चाहता मित्रों क्योकि जिसे संतोष मिला उसे इस दुनिया की नकारा,निकम्मा और कामचोर जैसी अनेको पदवी व पदक मिल जाते हैं। जीवन मिथ्या व मौत सत्य है, शायद इसलिए लोग एक समय सीमा की आयु निकालने के बाद संतोष की ओर बढ़ते हैं पर तब तक देर हो चुकी होती है। असंतोषी इंसान इस दुनिया से असंतोष में जीकर असंतोष में ही मर जाता है या यूं कहूं कि शरीर जब गुनाह के काबिल नहीं होता पाप करने के काबिल नहीं होता तभी उस मालिक की याद आती है या पुण्य उदय हो जाते हैं।



**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी**
**अलवर संस्करण**

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृष**
स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी।

**मिथुन**
निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**कर्क**
दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह**
विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे। लेन-देन

**कन्या**
यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक**
आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

**धनु**
सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मकर**
मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ**
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता

**मीन**
सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## बूथ अध्यक्ष मनोनीत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी ने मालपुरा शहर के सभी बूथ अध्यक्षो के नामो की धोषणा की है। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन ने बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार व मंडल संगठन प्रभारी संतकुमार जैन की सहमति से मालपुरा शहर के बूथ अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। जिसके अनुसार बूथ संख्या146 के लिए बाबूलाल गंवारिया, बूथ सं.147 के लिए रामचन्द्र नामा, 148 के लिए नजरूद्धीन देशवाली, 149 के लिए विशाल शर्मा, 150 के लिए रामपाल आगीवाल, 151 के लिए चम्पालाल सुराशाही, 152 के लिए शशि गोयर, 157 के लिए विनय जैन, 158 के लिए अजय सैनी, 159 के लिए बादल सिंह अजमेरा, 160 के लिए महेश शर्मा, 161 के लिए हंसराज साहू, 162 के लिए रामसहाय वर्मा, 163 के लिए बजरंग सेनी, तथा 164 के लिए गणेश टेलर को बूथ अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है।

## एक दर्जन लोग घायल

### पागल श्वान ने रास्ते में जो मिला, उसे ही काटा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** खण्डार उपखण्ड मुख्यालय पर गत दिवस पागल श्वान के हमले में करीब दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सों ने उन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। श्वान के हमले से कस्बे में अफरा-तफरी मच गई। बाद में ग्रामीणों ने तहसील के सामने लाठियों से उसे पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे पागल श्वान सवाईमाधोपुर रोड स्थित बड़े तालाब की ओर से भागता हुआ आया। ग्रामीण कुछ सोचते उससे पहले श्वान ने राउमावि के सामने एक स्कूली छात्रा पर हमला कर दिया। उसके बाद चौराहे पर, बस स्टैण्ड, नायपुर रोड, पंचायत समिति के सामने, खटीक मोहल्ला, मुख्यबाजार, पंचायत समिति कार्यालय के समीप सहीत अन्य स्थानों पर करीब दो दर्जन से अधिक लोगों को काट लिया। इससे कस्बे में अफरातफरी मच गई। बाद में घायलों के परिजनों ने तहसील कार्यालय के सामने श्वान को घेर कर मार दिया।

**यह हुए घायल**

सीएचसी प्रभारी डॉ. रघुवीर मीणा ने बताया कि श्वान के हमले में बाबूलाल (31), दुलीचंद (26), महेश (42), आराधना (14), रचना (14), मोहित (15) , निकिता (15), मुकेश (30), राधा(68), कृष्णा (55), प्रेमनारायण शर्मा (40) निवासी खण्डार, विष्णु जाट (21) निवासी कारोली ताराचंद, विजय सिंह (27) निवासी श्रीमहावीर जी, हरिशंकर (23) निवासी बड़वास, लोकेश सैनी (31) निवासी कुशलपुर, रामस्वरुप (64) निवासी करीरा, मयंक (6) निवासी सिंगोर खुर्द, ब्रह्मानंद (31) निवासी तलावड़ा सहित अन्य आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। इसी प्रकार गत दिनों आधा दर्जन लोगों पर भी श्वान ने हमला कर घायल कर दिया।

## सट्टे की खाईवाली करते पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुर सिटी ( अब्दुल माहिर )।** उदई मोड़ थाना पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करते एक जने को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आसिन (40) पुत्र शफी मोहम्मद निवासी तकिया मस्जिद के पास गंगापुरसिटी है। थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि आरोपी पंच दर्जियांन कबीरस्तान नहर रोड के पास लोगों से पैसे लेकर सट्टा लगा रहा था। सूचना पर हेड कांस्टेबल थान सिंह के नेतृत्व में आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर सट्टा पर लगे एक हजार 70 रुपये नकद व सट्टा उपकरण जब्त किए हैं।

## प्रतिदिन चलानी होगी 400 किलोमीटर बसें, नहीं तो गिरेगी गाज

### रोडवेज प्रशासन ने आय बढ़ाने और व्यवस्था में सुधार करने के लिए किया निर्णय

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्व घाटी की पूर्ति करने के लिए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ( रोडवेज) ने अपनी हर बस अब कम से कम 400 किलोमीटर प्रतिदिन चलाने का निर्णय किया है। सूत्रों के मुताबिक रोडवेज प्रशासन ने आय बढ़ाने और व्यवस्था में सुधार करने के लिए यह निर्णय किया है। यानी इससे कम संचालन पर संबंधित चालक पर गाज गिर सकती है। वहीं एवरेज का भी ध्यान रखना होगा। रोडवेज चालक को 33 रुपए प्रति किलोमीटर का एवरेज निकाला होगा। इन नए बदलावों से रोडवेज चालकों की मुसीबत बढ़ गई है। अब उन्हें अधिक समय स्टेरिंग संभालनी होगी।

**पूर्व में 300 किमी तक चलती थी बसें**

रोडवेज से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में रोडवेज की बसें निर्धारित रूटों पर 300 से 350 किलोमीटर तक ही चलती थी। कभी इससे भी कम चल पाती थी। लेकिन अब मुख्यालय ने आदेश जारी कर हर बस को कम से कम 400 किमी प्रतिदिन चलाने के निर्देश दिए।

**बेटिकट सवारी पर परिचालक होगा निलम्बित:** रोडवेज प्रशासन ने निगम को घाटे से उबारने के लिए चालक-परिचालकों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है।

## आज चार धंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

(बढ़ता राजस्थान) / कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा।** जयपुर विद्युत वितरण निगम के मालपुरा स्थित कार्यालय के सहायक अभियन्ता ने बताया कि बुधवार को केकड़ी रोड स्थित 132 केवी जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते सुबह 8 से 11 बजे तक सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## राज्य सरकार की वर्षगांठ के तहत रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन 12 दिसंबर को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राज्य सरकार के वर्तमान कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार, 12 दिसंबर को प्रात: 8 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान 2024 का आयोजन होगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने बताया कि जिला मुख्यालय पर विवेकानंद सर्किल, गांधी खेल मैदान से शुरू होकर रोडवेज डीपो चौराहा, नेहरू पार्क होते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम में पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि दौड़ में एनसीसी, एनएसएस, रोवर स्काउट, रेंजर गाइड, पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, खिलाड़ी, विभिन्न राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों के विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह, राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य लोग शामिल होंगे।

# गुरू का सानिंध्य और मार्गदर्शन इंसान को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाता है:आचार्य सुन्दरसागर जी महाराज, दीक्षा दिवस में उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के गांधी पार्क स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में जैनाचार्य सुन्दरसागर जी महाराज के पावन सानिंध्य में मंगलवार को दीक्षा दिवस को गुरू उपकार दिवस के रूप में मनाया गया।

इस मौके पर आयोजित धर्मसभा में प्रवचन करते हुए आचार्य सुन्दरसागर जी महाराज ने कहा कि गुरू का उपकार इंसान के जीवन का सबसे बड़ा धन होता है। उन्होंने कहा कि गुरू का सानिंध्य ओर मार्गदर्शन ही इंसान को अंधेरे से उजाले की ओर और अज्ञान से ज्ञान की ओर से ले जाता है। दीक्षा दिवस का आयोजन न केवल गुरू के प्रति आभार प्रकट करने का अवसर है बल्कि आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने का माध्यम है। गुरू का जीवन तप और त्याग का प्रतिरूप है। गुरू की शिक्षा हमें सत्य अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीक्षा का अर्थ है आत्मा को शुद्ध करना और सामाजिक बंधनो से मुक्त होकर मोक्ष की ओर अग्रसर होना। गुरू का मार्गदर्शन ही जीवन का असली प्रकाश है। गुरू के बताए मार्ग पर चलने से ही सच्चे सुख और शांति को प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरू की वंदना और मंगलाचरण से हुआ। इस दौरान सम्मानीय अतिथि के रूप में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के रूप में उनकी धर्मपत्नि राधा चौधरी, जिला प्रमुख सरोज बंसल के अलावा अग्रवाल समाज चौरासी अध्यक्ष अनिल सुराशाही, सरंक्षक त्रिलोकचन्द जैन, समाज अध्यक्ष ताराचन्द जैन, चातुर्मास समिति अध्यक्ष कृष्णगोपाल जैन सहित केकड़ी, भीलवाड़ा, अजमेर जयपुर फागी सहित टोंक जिले की सभी तहसीलो के समाजबंधु मौजुद रहे। मालपुरा समाज की ओर से सभी अतिथियो का स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया गया।

## महिलाओं एवं बालिकाओ के अधिकारो, कानूनी सरंक्षण स्वास्थ्य को लेकर कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** महेश सेवा सदन में सिकोईडिकोन, महिला अधिकारिता विभाग, तालुका विधिक सेवा समिति के सहयोग से महिलाओं एवं बालिकाओ के अधिकारो, कानूनी सरंक्षण स्वास्थ्य को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यशाला में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सरंक्षण अधिकारी नेहा जोशी ने इण्डियन पेनल कोड के स्थान पर नए सिरे से लागू भारतीय न्याय संहिता पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने बताया कि चिन्तन पर आधारित न्याय प्रणाली है तथा इसमें दंड के स्थान पर न्याय को प्राथमिकता दी गई है। आईपीसी के स्थान पर भारतीय न्याय , भारतीय साक्ष्य अधिनियम, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला पर्यवक्षक प्रज्ञा मोटवानी ने महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण कानून के बारे में, सामाजिक न्याय अधिवक्ता विक्रम सिंह ने मानव अधिकारो, तालुका विधिक सेवा समिति के रवि कुमार जांगीड़ ने लोक अदालतो व चिकित्साधिकारी डॉ. नासिर ने महिला एवं बालिका स्वास्थ्य कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर मुद्दो पर चर्चा की। कार्यशाला में संस्था शाखा प्रभारी विवेक त्रिपाठी, सत्यनारायण योगी, किसान कल्याण सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश शर्मा, समन्वयक मोहन मीणा, स्वास्थ्य मित्र सुमन वैष्णव, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र प्रबन्धक अरूणा शर्मा, काउंसलर आशा शास्त्री, मधुबाला टेलर सहित अन्य कई महिलाओं ने विचार रखे।

## नवगठित कार्यकारिणी को दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** पारीक समाज मालपुरा की नवगठित कार्यकारिणी को समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। मंगलवार को पारीक समाज मालपुरा के अध्यक्ष अटल पारीक की ओर से गठित कार्यकारिणी में सरंक्षक रमेश सुरेड़िया, मंत्री घनश्याम जोशी, कोषाध्या ओमप्रकाश कचोलिया, उपाध्यक्ष डॉ. हरिशंकर पारीक, मूलचन्द पारीक, हनुमान पारीक आमली, सीताराम पारीक चबराना, सह मंत्री नरेन्द्र पारीक तिलांजू, सह कोषाध्यक्ष गोवर्धन पारीक, प्रचार मंत्री चन्द्रशेखर पारीक, संगठन मंत्री अजय पारीक राजेश पारीक कूकड़ विधि सलाहकार, एडवोकेट रमेश पारीक, मार्गदर्शक मंडल में रामसहाय पारीक, रघुवीर पारीक, मधु पारीक, हरिनारायण पारीक, व जयनारायण पारीक मेहरू को तथा कार्यकारिणी सदस्यो के रूप में रामकृपालु पारीक, रमेश पारीक बीबड़ा, आर्यन पारीक तथा शंकर पारीक कुराड़ को मनोनीत कर समाज हित में कार्य करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## बड़ा एक्शन, डीएसटी की पूरी टीम को कर दिया सस्पेंड - पुलिस महकमे में हड़कंप

### एक साथ 6 पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने एसआई सहति 6 पुलिसकर्मीयों को सस्पेंड कर दिया। डीएसटी की पूरी टीम को सस्पेंड कर दिया है। एस पी ने सवाई माधोपुर जिला विशेष टीम (डीएसटी) के पुलिस उपनिरीक्षक पंजाब सिंह सहित 4 कांस्टेबल और एक चालक कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया।

**इन पुलसिकर्मियों के खिलाफ हुई कार्रवाई:** पुलसिकर्मयिों पर निलंबन की कार्रवाई को अवैध बजरी परविहन संलप्तिता से जोड़कर देखा जा रहा है। एसपी ने आदेश में इनके खिलाफ जांच लंबति होने का हवाला दिया है। डीएसटी के उप नरीिक्षक पंजाब सिह, कांस्टेबल उदयराज, त्रिलोक चंद, अखिलेश कुमार, अणदाराम और चालक कांस्टेबल इकरार अहमद के खिलाफ जांच के आदेश प्रस्तावित हैं।

## निवाई बार एसोशियशन के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम घोषित

### एडवोकेट नरेन्द्र कुमार जाट,बनवारीलाल यादव को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

**13 दिसम्बर को मतदान व मतगणना**

बढ़ता राजस्थान



**निवाई, ( का.स. )।** बार एसोसियेशन निवाई के कार्यालय में साधारण सभा मिटिंग आयोजित की गई। बार एसोसियेशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार जाट की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से सभी अधिवक्ताओ ने बार के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट नरेन्द्र कुमार जाट व एडवोकेट बनवारीलाल यादव को आगामी 2024-25 के चुनावो हेतु निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव कार्यकम इस प्रकार घोषित किया कि दिनांक 11दिसम्बर 2024 को समय 11.00 बजे से लेकर 1.00 बजे तक फार्म भरे जायेगे एवं 1.00 बजे से 2.00 बजे तक फार्मो की जांच की जावेगी तथा 2.00 बजे से 3.00 बजे तक नाम वापसी समय रहेगा। यादव ने बताया कि दिनांक 13दिसम्बर 2024 को सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक सभी अधिवक्ता मतदान करेगे एवं 4ः00 बजे बाद परिणाम घोषित किया जावेगा। चुने गये निर्वाचन अधिकारीयों ने निष्पक्ष होकर चुनाव करवाने का सभी अधिवक्ताओ को आश्वासन व विश्वास दिलाया। सभी अधिवक्ताओ ने निर्वाचन अधिकारी का माला पहनाकर बधाई दी।

## घायल पुलिसकर्मी की मौत, राजकीय सम्मान से किया अंतिम संस्कार



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर मैनपुरा गांव के पास गत दिवस रविवार शाम सड़क हादसे में घायल पुलिसकर्मी की मौत हो गई। मृतक कजोड़मल पुत्र प्रभुलाल मीना का गत दिवस पैतृक गांव करेल में राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार किया गया। वह वर्तमान में सवाईमाधोपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय अपराध शाखा में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार वे रविवार शाम चौथकाबरवाड़ा में ड्यूटी कर लौट रहे थे। रास्ते में मैनुपरा गांव के पास मेगा हाइवे पर कार व दो बाइकों की भिड़ंत में तीन लोग घायल हुए थे। इनमें एक कजोड़मल मीना भी थे। सभी घायलों को सूरवाल थाना पुलिस की मदद से ग्रामीणों ने जिला अस्पताल पहुंचाया था। जहां पुलिसकर्मी की हालत बिगड़ने पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सवाईमानसिंह चिकित्सालय जयपुर के लिए रैफर किया था, लेकिन जयपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में कोथून के पास दम तोड़ दिया। बाद में परिजन शव लेकर जयपुर एसएमएस अस्पताल पहुंचे। जहां सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर परिजन पैतृक गांव करेल पहुंचे। उधर ग्रामीण पुलिस उपाधीक्षक सवाईमाधोपुर लाभूराम बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस लाइन से सलामी देने जाप्ता पहुंचा।

इस दौरान मलारना डूंगर थानाधिकारी संपत सिंह, बाटोदा थानाधिकारी भरत सिंह सहित जिले के अन्य थानों से भी पुलिसकर्मी भी उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

**सड़क दुर्घटना का मामला**

## ड्यूटी कर लौट रहे पुलिस कर्मियों ने निभाया मानवता का फर्ज


बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सड़क दुर्घटना में घायल मलारना चौड़ के करेल निवासी हैडकांस्टेबल कजोड़ मल मीणा के घायल होने के दौरान अन्यत्र ड्यूटी कर आ रहे पुलिसकर्मियों ने अपनी मानवता का फर्ज निभाया और घायल कांस्टेबल को शीघ्र अस्पताल पहुंचाया। हालांकि वे अपने साथी की जान बचाने में नाकामयाब रहे। हुआ यूं कि चौथकाबरवाड़ा में गत शुक्रवार को मीना महापंचायत का आयोजन किया गया था। इसमें गंगापुरसिटी पुलिसलाइन में कार्यरत हैड कांस्टेबल अनिल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता ड्यूटी देने गया गया। महापंचायत खत्म होने के बाद पुलिस जाप्ते के साथ ही सभी बस में सवार होकर गंगापुरसिटी जा रहे थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे पुलिस की बस सवाईमाधोपुर से आगे मैनपुरा ही पहुंची थी, तभी कोटा-लालसोट हाइवे पर भीड़ पर जाम लगा नजर आया। पुलिसकर्मियों ने जाकर देखा तो एक व्यक्ति लहूलुहान होकर पुलिस की वर्दी पहने जमीन पर पड़ा था। इस दौरान गंगापुरसिटी पुलिस लाइन में कार्यरत हैडकांस्टेबल अनिल शर्मा ने उन्हें पहचान लिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने तुरंत वाहन को रुकवारक उनको जिला अस्पताला पहुंचाया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान हैडकांस्टेबल कजोड़मल ने दम तोड़ दिया। बता दें कि हैडकांस्टेबल कजोड़मल भी चौथकाबरवाड़ा महापंचायत में ड्यूटी देने गए थे। शाम को वे मोटरसाइकिल से गांव करेल जा रहे थे। चकचैनपुरा से आगे पहुंचे तभी भाड़ौती की ओर से आ रही एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे कांस्टेबल कजोड़मल अनियंत्रित होकर गिर गए और गंभीर घायल हो गए।

## सुस्त पुलिस: दिन में ही चुरा ले गए मंदिर से चांदी के मुकुट

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** बाटोदा कस्बे में स्थित सीतारामजी मंदिर से चोर गत दिवस दिन में ही मूर्तियों पर लगे मुकुट व एक धनुष चुरा ले गए। मंदिर के पुजारी हनुमान वैष्णव ने बताया कि वह सोमवार की सुबह पूजा कर पट बंद करके घर गया। उस समय सारा सामान यथा स्थिति छोड़कर गया था। उसके बाद शाम को 5 बजे पूजा करने आया तो चारों प्रतिमाओं पर लगे चांदी के मुकुट एवं धनुष बाण नहीं मिले। उन्होंने कस्बे के प्रबुद्धजनों एवं ठाकुर पुष्पेंद्र सिंह राजावत को इसकी सूचना दी। इस पर लोग मौके पर पहुंचे व देखा तो मूर्तियों पर मुकुट नहीं थे। मंदिर में चोरी की घटना से लोगों में रोष है।

**लगातार हो रही चोरी की घटनाएं**

इन दिनों मंदिरों में चोरी की घटनाएं होना क्षेत्र में आम बात होती जा रही है। इससे पहले भी यहां खिड़की वाले बालाजी की तिजोरी का ताला तोड़ दिया गया व उसमें रखी नकदी को निकाल ले गए। वहीं गोपाल जी के मंदिर से झालर चोरी हो गई। पांच दिन पहले बोहरा जी के तालाब स्थित शिव मंदिर से भी झालर घंटी सहित अन्य सामान चोरी हो गया। लगातार चोरी की वारदातें बढ़ने से लोगों में आक्रोश है।

## करंट की चपेट में आने से निजी विद्युत कर्मी झुलसा

### विद्युत लाइन ठीक करते समय हुआ हादसा, जिला अस्पताल किया रेफर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** धौलपुर जिले के मनिया कस्बे में करंट की चपेट में आने से एक निजी विद्युत कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के लिए निगम के कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही हैं। जानकारी के मुताबिक निजी विद्युत कर्मी रवि दीक्षित पुत्र विष्णु दीक्षित निवासी मनियां मांगरोल कस्बे में 11 हजार केवी के विद्युत खंभे पर कार्य कर रहा था। विद्युत लाइन पर मेंटेनेंस का काम करते वक्त निजी विद्युत कर्मचारियों ने विद्युत निगम से शटडाउन ले रखा था। विद्युत लाइन को ठीक करते वक्त अचानक किसी ने विद्युत सप्लाई शुरू कर दी। जिस वजह से बिजली के खंभे पर विद्युत लाइन ठीक कर रहा निजी विद्युत कर्मी रवि दीक्षित करंट की चपेट में आ गया। मांगरोल स्थित ओवर ब्रिज के नीचे करंट की चपेट में आने से निजी विद्युत कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने विद्युत सप्लाई को बंद कर घायल को नीचे उतरा। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल विद्युत कर्मी की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में घायल का डॉक्टर की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# नई पहल:2100 बेटियों को एक साथ बनाया जाएगा स्वावलंबी

## नेक कमाई फाउंडेशन बेटियों को देगा सिलाई व ब्यूटीशियन का नि:शुल्क प्रशिक्षण- एक वर्ष में 11 हजार बेटियों को स्वावलंबन कोर्स से जोड़ा जाएगा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से नारी सृजन कार्यक्रम के तहत अलवर की बेटियों को स्वावलंबी बनाया जाएगा। इसके तहत प्रथम चरण अलवर में एक साथ 2100 बेटियों को बूटिक सिलाई और मार्डन बयूटीशियन का 45 दिवसीय प्रशिक्षण पूरी तरह निशुल्क दिया जाएगा। इसमें अलवर महिला स्वयं सहायता समूह सहयोग करेगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक बेटियों को जोडने् के लिए रिवाज रिसोर्टस में मंगलवार को शहर में नगर निगम के महिला स्वयं सहायता समूह और प्रशिक्षण देने वाली जागरूक महिलाओं के साथ संवाद हुआ। संवाद में संरक्षक और उद्योग विभाग के सेवानिवृत उप निदेशक दौलत राम हजरती ने कहा कि इस प्रशिक्षण के लिए महिलाओं की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। यह पूरी तरह निश्शुल्क प्रशिक्षण होगा जिसके बाद उन्हें प्रमाण- पत्र भी दिया जाएगा। अधिक उपस्थिति वाली युवती को सममानित भी किया जाएगा। इन महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा जिसमें जरूरतमंद बेटियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए किसी औपचारिक आवेदन पत्र तक की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम नारी सृजन की समन्वयक बिंदू कपूर ने कहा कि यह 45 दिवसीय कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की 151 महिलाएं सहयोग करेंगी जिसके प्रथम चरण में 2100 बेटियों को जोड़ा जाएगा जबकि बाद में और कई कोर्स के साथ नए साल में 11 हजार बेटियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 12 वीं पास और उम्र 18 से 25 साल होना आवश्यक है। इसमें प्रशिक्षण लेनी वाली युवतियां फाउंडेशन या स्वयं सहायता समूह के केन्द्र से जानकारी ले सकती हैं जिसके बैच इसी सप्ताह शुरू हो जाएंगे।

ऋण की सुविधासंवाद में शिक्षाविद प्रो. जी. डी. मेहंदीरता ने कहा कि इन बेटियों को एमएसएमई प्रमाण पत्र दिलवाया जाएगा जिससे उन्हें बिना किसी गारंटी के बैंक से ऋण मिल सकेगा। इससे महिलाओं के विकास के द्वार खुलेंगे। कार्यक्रम में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन का नारी शकित के लिए यह प्रशिक्षण मील का पत्थर साबित होगा।

अलवर की आवश्यकताओं को देखते हुए और भी स्वावलंबन कोर्स चलाए जाएंगे। इन्हें महिलाएं ही संचालित करेंगी। इस अवसर पर सेवा कार्यों के लिए बिंदू कपूर और ज्योति शर्मा को प्रतिभा सिंह व कमला यादव सहित नेक कमाई टीम ने सममानित किया। कार्यक्रम में काफी संखया में महिलाएं उपस्थित थे। अंत में मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया।

# 2 साल से फरार मारपीट का हिस्ट्रीसीटर आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** पुलिस भुसावर थाना पुलिस ने गत 2 वर्ष से मारपीट के एच एस आरोपी को गिरफ्तार किया है। भुसावर थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता द्वारा थाने में दर्ज प्रकरण 323,341,336,452,506,34 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट में लगभग 2 साल से फरार थाने के हिस्ट्रीशीटर वंछित मुलजिम पवन( 32) पुत्र घिरसी मीणा निवासी बल्लभगढ़ को बल्लभगढ़ से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया । जिससे भुसावर न्यायालय में पेश किया गया।

# शहीदी पर्व पर नगर कीर्तन 14 को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** ट्रस्ट श्री गुरु सिंह सभा (सिख समाज) विजयनगर द्वारा सिख धर्म के नवे गुरु साहिब धन धन श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहीदी पर्व को समर्पित 350 वर्ष सम्पूर्ण होने पर नगर कीर्तन जो गुरुद्वारा श्री खड़क खंड जी खंडवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा से प्रारंभ होकर नांदेड़ हजूर साहिब महाराष्ट्र में समाप्त होगी यह धार्मिक यात्रा दिनांक 14. दिसम्बर वार शनिवार दोपहर 1.00 बजे को विजयनगर में 27 मिल चौराहे पर आ रही है, उक्त धार्मिक यात्रा के सत्कार हेतु बिजयनगर के मुख्य बाजारों से होते हुए यह यात्रा बिजयनगर गुरुद्वारा साहिब में पहुंचेगी। आप सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन है कि उक्त नगर कीर्तन में पधार कर धर्म लाभ प्राप्त करें । हमारा सौभाग्य है कि बिजयनगर शहर में इस प्रकार की धार्मिक यात्रा पहली बार आ रही है।आप सभी पधारकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करे जी। यह जानकारी ट्रस्ट के प्रधान हरगोविंद सिंह टुटेजा ने दी ।

# हर्ष वर्धन पाण्डेय् ने किया नाम रोशन



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (नि.स.)।** भुसावर निवासी हर्ष वर्धन पांडेय ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जयपुर विंटर कप में कप्तानी पारी खेलते हुए हर्ष वर्धन पांडेय की टीम द किंग्स इलेवन ने फाइनल जीत लिया है। यह मैच किंग्स इलेवन और द रॉयल्स इलेवन के बीच बारवाल क्रिकेट एकेडमी में खेला गया था। टीम के कोच सूर्या ने बताया कि द रॉयल इलेवन के कप्तान शुभम शर्मा एवं द किंग्स इलेवन के कप्तान हर्षवर्धन पांडे की टीम के बीच में मैच था। द किंग्स इलेवन की टीम ने 150 का टारगेट दिया जिसमें 90 पर द रॉयल्स इलेवन टीम ऑल आउट हो गई । 5 विकेट लेकर मेन ऑफ द मैच यश मीना रहे। जयपुर में खेलते हुए हर्ष वर्धन पांडेय ने भुसावर का नाम रोशन कर रहे हैं।

# 76वां विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** श्री कृष्णा एकेडमी आफ लीगल एजुकेशन एवं दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल अलवर के द्वारा आयोजित 76 वें विश्व मानव अधिकार दिवस कार्यक्रम में राजकीय विधि महाविद्यालय के प्रोफेसर मुकेश कुमार ने कहा कि जागरूकता से ही मानव अधिकार सुरक्षित हो पाएंगे। मानव सम्मान बचाने एवं मानव अधिकारों की रक्षा करने के लिए आमजन में संस्कार, संवेदनशीलता और जागरुकता जरूरी है। महज कानून बनाने से कुछ नहीं होगा। 17 राज्यों में मानव अधिकार आयोग के गठन के बाद भी मानव अधिकार हनन की घटनाएं देखी सुनी जा रही हैं। वे मानव अधिकार दिवस संगोष्ठी के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे , जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर सुरेंद्र यादव ने की। श्री यादव ने कहा कि मानव अधिकारों की सुरक्षा में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है । समाज उन लोगों को जागरूक बनाए जो अपने अधिकारों के बारे में जानते ही नहीं है। समाज सबके हित की सोच लेकर चलेगा, तो मानव अधिकारों का हनन रुकेगा । उन्होंने दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मूल अधिकारों की अलग-अलग व्याख्या करने की तारीफ भी की। इससे पूर्व स्केल लॉ कॉलेज में विधि प्रवक्ता डॉ लक्ष्मी सोनी ने मानव अधिकारों की विश्व व्यापी घोषणा पर विस्तार से प्रकाश डाला । डॉ वंदना सैनी ने कहा कि मानव अधिकार मानव के जन्म से ही नहीं , उसके गर्भ में आने से ही प्रारंभ हो जाते हैं । उन्होंने संविधान की प्रस्तावना स्पष्ट की। प्रोसेसर प्रदीप यादव ने मानव अधिकारों के विचारों को आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के गठन एवं शक्तियां बताइ। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान के विधि विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेंद्र यादव ने कहा कि भगवान महावीर द्वारा 2600 वर्ष पूर्व दिए गए संदेश जियो और जीने दो का पालन किया जाए तो मानव अधिकारों की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्राचार्य डॉक्टर विनोद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रारंभ में छ्ब्ड्ड्क्क्क की प्रिंसिपल सुनीला चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत कराई । कार्यक्रम का संचालन मैडम नीरकमल ने किया तथा अंत में राष्ट्रगान के साथ संगोष्ठी समाप्त हुई।

# नगरपालिका कर्मचारी फेडरेशन का निर्विरोध चुनाव

## राधेलाल अध्यक्ष,दीपेश मीणा महामंत्री दरोगा भारती उपाध्यक्ष नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन शाखा भुसावल के पदाधिकारी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी सुरेश मीणा की उपस्थिति एवं नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय संरक्षक रिसपाल सिंह चौधरी की उपस्थिति में राधेलाल कनिष्ठ सहायक अध्यक्ष गौतम सिंह स्वास्थ्य जमादार वरिष्ठ उपाध्यक्ष दरोगा भारती सफाई कर्मचारी उपाध्यक्ष दीपेश मीणा महामंत्री पुष्पेंद्र सिंह मीणा फायरमैन सलाहकार के साथ सुरेंद्र दोई फायरमैन को संरक्षक नियुक्त किया गया है पुष्पेंद्र मीणा फायरमैन संयुक्त सचिव योगेंद्र फायर वाहन चालक कार्यालय मंत्री गौरव शर्मा कनिष्ठ सहायक कोषाध्यक्ष एवं रेखा मीणा फायरमैन संयुक्त मंत्री विष्णु दत्त शर्मा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कैशियर बबीता देवी सफाई कर्मी विशाल सफाई कर्मी एवं गोविंद कुमार सफाई कर्मी को सदस्य मनोनीत किया गया है।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय बड़ौदामेव में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**अलवर (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर द्वारा तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ एडीजे जज अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गोपाल सैनी के निर्देशन पर राजकीय कन्या महाविद्यालय बड़ौदामेव में विश्व मानव अधिकार दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक मुट्ठी आसमान पर हक़ हमारा भी है,नालसा के थीम सॉन्ग के साथ हुई। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर राजकीय कन्या महाविद्यालय बड़ौदामेव में विधिक जागरूकता के तहत शिविर आयोजित किया जिस में बालिकाओं को नालसा एक्ट एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डॉ.भारत लाल मीणा के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वचन कराया गया। विश्व मानव अधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। यह दिन मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाए जाने की वर्षगांठ है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 10 दिसंबर,1948 को पारित किया था। समानता, शांति, न्याय, स्वतंत्रता और मानव गरिमा की सुरक्षा को बढ़ावा देना इसका प्रमुख उद्देश्य है। एडीजे कोर्ट पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा में सभी अधिकारों को भारतीय संविधान में दो हिस्सों (मौलिक अधिकार और राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत) में शामिल किया गया है। मौलिक अधिकार: संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 तक में समानता का अधिकार स्वतंत्रता का अधिकार,शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार,संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल है। राज्य के नीति-निदेशक सिद्धांत: संविधान के अनुच्छेद 36 से 51 तक हैं। इसमें सामाजिक सुरक्षा का अधिकार, काम का अधिकार, रोजगार चयन का अधिकार, बेरोज़गारी के विरुद्ध सुरक्षा, समान काम तथा समान वेतन का अधिकार,मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार तथा *मुफ्त कानूनी सलाह का अधिकार* आदि शामिल हैं। इस दौरान छात्रा इरसाना और दिलसाना ने भी विचार व्यक्त किए पीएलवी, अनिल कुमार, प्राचार्य डॉ भरत लाल महाविद्यालय के संकाय सदस्य मोहम्मद अजीज, मुरारी लाल, जितेंद्र कुमार, रेणु शर्मा, मुकेश खटीक, नगरपालिका के जेटीए पुरुषोत्तम प्रजापत, राही जोशी, अभिषेक चावड़ा, गोपाल सैन सहित महाविद्यालय की अनेक छात्राएं उपस्थित रही।

# गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग संग्रहण पर निगम का जोर, आयुक्त ने शहर में कई स्थानों पर किया दौरा




बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम अलवर के अलकापुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार को नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने कचरा संग्रहण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ऑटो टिपर चालकों से भी बातचीत की। निगम आयुक्त नरूका ने ऑटो टिपर चालकों को निर्देशित किया कि कचरा संग्रहण के दौरान सभी निवासियों और दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग पात्रों में डालने के लिए प्रेरित करें। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने नंगली सर्किल पर भी दुकानदारों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग पात्रों में रखने के निर्देश दिए।

### इस तरह करे घर और दुकान पर कचरे का पृथक्करण

नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि गीले कचरे की श्रेणी में बचा हुआ भोजन, फल और सब्जियों के छिलके, मांसाहारी भोजन के अवशेष, कटी हुई घास पौधों की टहनियों और सूखे फूल में पत्तियां आती हैं। जबकि सूखे कचरे की श्रेणी में कागज, गत्ते का सामान, कांच की बोतले, प्लास्टिक और रबड़ से बना सामान, साथ ही पुराने कपड़े, जूते, बैग, खिलौने और कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल उपकरण आते हैं। इसलिए आमजन को इस संबंध में जागरूक रहते हुए अलग-अलग श्रेणी के कचरा पात्र का उपयोग करना चाहिए ताकि कचरा संग्रहण केंद्र पर उनके पृथक्करण में आसानी रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर भुसावर में मानवाधिकारों पर संगोष्ठी आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** मानव अधिकार से तात्पर्य उन सभी अधिकारों से है जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं प्रतिष्ठा से जुड़े हुए हैं। यह सभी अधिकार भारतीय संविधान के भाग-तीन में मूलभूत अधिकारों के नाम से वर्णित किए गए हैं और न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय है, जिसकी भारतीय संविधान न केवल गारंटी देता है, बल्कि इसका उल्लंघन करने वालों को अदालत सजा भी देती है। वैसे तो भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में लाया गया था और 12 अक्टूबर, 1993 में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया गया था, लेकिन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को घोषणा पत्र को मान्यता दिए जाने पर 10 दिसंबर का दिन मानवाधिकार दिवस के लिए निश्चित किया गया है।

यह कहना है अखिल भारतीय सहित सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय् का। पाण्डेय् भुसावर के श्री गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महाविद्यालय के संस्थापक निदेशक राजेन्द्र पाण्डेय् ने की। पाण्डेय् ने कहा कि मानवाधिकार सभी मनुष्यों के लिए निहित अधिकार हैं, चाहे उनकी जाति, लिंग, राष्ट्रीयता, जातीयता, भाषा, धर्म या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल है। इस अवसर पर शिक्षाविद प्रदीप भारतीय संजीव चौधरी चंद्र सिंह राजेश योगी द्वारा अपने विचारों से मानव अधिकार एवं कर्तव्य पर विचार व्यक्त किये। अखिल भारतीय शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन की ओर से आशु भाषण पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# किसानों ने जीएसएस की सप्लाई ठप्प की :कहा हमें दिन में बिजली चाहिए रात को नहीं, जीएसएस की बिजली सप्लाई ठपकर किया प्रदर्शन

## बोले सर्दी में फसलों की सिंचाई करने में होती है परेशानी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/ बयाना (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** सब-डिवीजन में डिस्कॉम प्रशासन की ओर से कई ग्रामीण इलाकों में रात के ब्लॉक में कृषि के लिए थ्री फेज बिजली दी जा रही है। कड़कड़ाती ठंड में दिन के बजाय रात को बिजली देने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है। इससे नाराज किसानों का मंगलवार सुबह गुस्सा फूट पड़ा। आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने ग्रामीण इलाके में स्थित नगला निर्भान जीएसएस की पूरी बिजली सप्लाई ही ठप कर दी। इससे सिंगल फेज घरेलू बिजली आपूर्ति भी बंद हो गई। किसान जीएसएस के में गेट पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। बता दें कि कृषि के लिए रात के बजाय दिन के ब्लॉक में ही बिजली देने की मांग को लेकर एक दिन पहले सोमवार को भी किसानों ने बयाना के बिजली घर स्थित एक्सईएन-एईएन दफ्तरों का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया था। लेकिन इसके बावजूद बिजली सप्लाई को लेकर कोई राहत नहीं मिल पाई थी। नगला निर्भान जीएसएस पहुंचे किसानों ने बताया-कड़ाके की सर्दी में पूरी रात खेतों में खड़े रहकर फसलों की सिंचाई करना मुश्किल हो रहा है।

रात को भी बिजली निर्धारित ब्लॉक में पूरी नहीं मिलती है बार-बार ट्रिपिंग से लाइनों में फाल्ट होने के कारण किसानों को रात भर खुले आसमान के तले रात बितानी पड़ रही है। डिस्कॉम की ओर से रात के ब्लॉक में रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बिजली देने का प्रावधान है। लेकिन उसमें भी 6 घंटे के बजाय मात्र 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इससे सिंचाई नहीं होने से फसलों के खराब होने की आशंका बन जाएगी। किसानों ने कहा कि इस कड़ाके की सर्दी में डिस्कॉम के अधिकारी या सरकार के मंत्री-विधायक खेत में एक रात गुजार कर देखें तो उन्हें किसानों के पीड़ा समझ में आएगी। बता दें कि बिजली की डिमांड के कारण जीएसएस ओवरलोड हो रहे हैं। इससे डिस्कॉम ने कृषि के लिए बिजली देने के लिए तीन ब्लॉक निर्धारित किए हैं। जिनमें दो ब्लॉक दिन में और एक ब्लॉक रात में दिया जा रहा है। रात के ब्लॉक में बिजली देने का किसान विरोध कर रहे हैं। उधर, पूरे जीएसएस से बिजली ठप करने के कारण घरेलू बिजली भी नहीं आ पा रही है। इसके कारण घरों में बिजली आधारित दैनिक गतिविधियां भी रुक गई हैं। वहीं पेयजल संकट भी गहराने लगा है। डिस्कॉम एक्सईएन विवेक शर्मा का कहना है कि कृषि के लिए सुचारु सप्लाई उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोटेशन वाइज रात का ब्लॉक शुरू किया था। बिजली सप्लाई और डिमांड में काफी अंतर आ गया है। इसकी वजह से थोड़ी परेशानी हुई है। जिसका समाधान किया जा रहा है।

# संपूर्ण देश में सहकारिता आंदोलन की अग्रणी संस्था है सहकार भारती

## सहकार भारती का 8वां राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** सहकार भारती का 8वें राष्ट्रीय अधिवेशन अमृतसर में सम्पन्न हुआ जिसमें कोटा से भी बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। सहकार भारती कोटा जिला प्रमुख सोनिया राठौर ने बताया की उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का अधिवेशन में शामिल प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाब चंद्र कटारिया ने सहकार भारती को धन्यवाद देते हुए कहा कि संपूर्ण देश में सहकारिता आंदोलन की कोई अग्रणी संस्था कार्य कर रही है तो वह सहकार भारती है। जब तक हमारा कार्यकर्ता संस्कारित नहीं होगा तब तक देश का उद्धार नहीं होगा। सहकार भारती अपने घोष वाक्य %बिना संस्कार नहीं सहकार% के आधार पर संस्कारवान कार्यकर्ता निर्माण करने का कार्य कर रही है। यह अत्यंत सराहनीय है हमारे ग्राम व्यवस्था सहकारिता आधारित थी हम अपने जीवन को सहकारिता के आधार पर जीने के अभ्यस्त थे। इस संगठन के माध्यम से श्रद्धेय लक्ष्मण राव ईमानदार जी ने जो संगठन तैयार किया वह आज एक वटवृक्ष बन गया है। जिन राज्यों ने सहकारिता को आत्मसात किया वह आज तरक्की पर है। सहकारिता में जो भ्रष्टाचार और परिवारवाद घुस गया उन्हीं लोगों ने सहकारिता का बंटाधार कर दिया।

ऐसे समय में सहकार भारती ही इसका उद्धार कर सकती है। साथ ही उन्होंने सहकार भारतीय द्वारा विगत में किए गए प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार भारती ने तृवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने की परिपाटी रही है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पिछले 3 वर्षों के कार्यों का मुलांकन और आज में तीन वर्षों के कार्य योजना पर मंथन होगा । साथ ही उन्होंने कहा कि सहकारिता में अगर संस्कार नहीं रहा तो वह स्वक्कर बन जाएगी। इसलिए संस्कार आधारित सहकारिता होनी चाहिए। इस अवसर पर ईफाको एमडी डॉक्टर उदय शंकर अवस्थी स्वागत समिति अध्यक्ष इंद्रप्रीत सिंह आनंद उपस्थित रहे । सहकार भारती जिला प्रमुख सोनिया राठौर ने बताया कि राजस्थान प्रदेश के 33 जिलों से से लगभग 114 बिंदुओं ने तथा पूरे भारतवर्ष से लगभग 2500 सहकार बिंदुओं ने किस राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लिया। समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का भी उद्बोधन हुआ ।अगले तीन वर्षों के लिए निर्वाचन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर उदय जोशी राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया का निर्वाचन निर्विरोध हुआ । सहकार भारती कोटा जिला प्रमुख सोनिया राठौर ने बताया कि इस अवसर पर कोटा व बारा जिला से भी कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया सोनम पुरोहित सहजिला मातृशक्ति व आदर्श लता, चारु चौहान ने भाग लिया।






# राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमहला के मानक क्लब द्वारा मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चौमहला में भारतीय मानक ब्यूरो की जयपुर शाखा द्वारा गठित मानक क्लब के अंतर्गत इस सत्र की द्वितीय गतिविधि के रूप में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मानक क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में विद्यालय के व्याख्याता लोकेन्द्र सिह, गणित के वरिष्ठ अध्यापक रामकेश मीणा ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई इस प्रतियोगिता में निशिता पोरवाल एवं निकिता वर्मा ने प्रथम स्थान,अनन्या पोरवाल पायल कुवॅर ने द्वितीय स्थान, भूमि शर्मा ,राधिका कुवॅर ने तृतीय स्थान और निशा मेहर व सपना बाई ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। मानक क्लब के मेंटर पवन कुमार सैनी ने क्लब के उद्देश्यों और भारतीय मानक ब्यूरो के आईएसआई मार्क, हॉलमार्क एवं उत्पादों की शुद्धता के मानकीकरण और गुणवत्ता की पहचान के बारे में जागरूकता पर जोर दिया तथा BIS Care ऐप के बारे में जानकारी देकर मानक क्लब के सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और समाज में इस जानकारी का प्रसार करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कैलाश चन्द बुनकर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और बीआईएस के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि यह ऐसा मंच है जहां सरकार उद्योग संघों और उपभोक्ताओं के परामर्श से गुणवत्ता के राष्ट्रीय मानक स्थापित करती है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होते हैं।

# रतलाम मंडल यात्रियों को उपलब्ध करा रहा है साफ सुथरा बेडरोल

## प्रतिदिन 24 हजार बेडशीटों की धुलाई

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडगढ़( नि.स. ) ।** यात्रियों की यात्रा सुखद, सुविधाजनक एवं आरामदायक हो इसके लिए पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल की ओर से यात्रियों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। यात्रा के दौरान एसी कोचेज में यात्रियों को बेडिंग मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है। यात्रियों को बेडिंग मटेरियल साफ एवं स्वास्थ्यकर हो इसके लिए रेलवे विशेष ध्यान रखा जाता है। रेलवे द्वारा एसी कोचों में प्रत्येक यात्री को बेडिंग के रूप में दो बेड शीट, पिलो कवर, एक फेस टॉवेल एवं एक कंबल उपलब्ध कराता है। रतलाम मंडल के इंदौर एवं डॉ. अम्बेडकर नगर से औसतन प्रतिदिन 11 ट्रेनों के 75 कोचों में 12 हजार सेट लिनेन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है अर्थात प्रतिदिन 24 हजार नग बेड शीट, 12 हजार नग पिलो कवर, 12 हजार नग फेस टॉवेल यात्रियों को दी जाती है। लिनेन की सफाई के लिए रतलाम मंडल के इंदौर में रेलवे की मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री की सुविधा उपलब्ध है जिसमें दो दो वॉशर, ड्रायर, आयरनर एवं बॉयलर हैं। इस रेलवे मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री से प्रतिदिन औसत 03 ट्रेनों के कुल 26 एसी कोचेज में लिनेन उपलब्ध करायी जाती है। इंदौर मेकेनाइज्ड लॉन्ड्री से प्रतिदिन 8 हजार बेड शीट, 4 हजार पिलो कवर, 4 हजार फेस टॉवेल एवं 180 कंबल की सप्लाई ट्रेनों में की जाती है। लॉन्ड्री में जहाँ बेड शीट, पिलो कवर एवं फेस टॉवेल की सफाई प्रत्येक उपयोग के बाद की जाती है वहीं कंबल की सफाई प्रति 15 दिन में एक बार की जाती है। इसके अलावा नेफ़्थलीन एवं गर्म हवा से स्टरलाइज़ेशन भी किया जाता है। रतलाम मंडल की शेष ट्रेनों में बेड रोल एवं कंबल की धुलाई एवं बेड रोड की समय पर ट्रेनों में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आउटसोर्स की गई है। आउटसोर्स माध्यम से प्राप्त धुले हुए कंबल एवं वेड रोल की सफाई की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षकों द्वारा समय समय पर निरीक्षण किया जाता है।

# 7 अंतरराज्य साइबर ठग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** पुलिस द्वारा राजस्थान में चलाए जा रहे हैं ऑपरेशन एंटीवायरस अभियान के तहत साइबर क्राइम पुलिस थाना बूंदी व करवर थाना पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अंतर राज्य साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 7 अंतरराज्य साइबर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । जिसमें तीन आरोपी नाबालिक है जिनको पुलिस ने निरुद्ध किया है। बूंदी पुलिस द्वारा लगातार साइबर ठगी द्वारा अनेक विज्ञापन और ,ऑनलाइन ट्रांजैक्शन ,गेमिंग ,और रुपए दुगना करने के झांसे से जैसे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करने के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन बाल आचारियों को निरुद्ध करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह आरोपों टेलीग्राम चैनल व्हाट्सएप ग्रुप में लुभावने विज्ञापन, चैटिंग जोड़ी के तीन अंक पर लोगों के रुपए लगवा कर ठगी किया करते हैं। सभी आरोपियों से 8 मोबाइल फोन ,दो एटीएम कार्ड, तीन मोटरसाइकिल, सहित 11000 रुपय की नकदी ,साइबर ठागो से जप्त करने में पुलिस को सफलता मिल है । यह युवक अपने महंगी गाड़ियों के शौक लग्जरी लाइफ जीने के लिए ठगी के काम को अंजाम दिया करते है ।और लोगों को झांसे में लेकर रुपए ऐठा करते हैं। फिलहाल अन्य और भी खुलासा होने की संभावना पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा द्वारा जताई जा रही है सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ।

# इनर व्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने एक थाली, एक थैला अभियान में किया सहयोग

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़( नि.स. ) ।** इनर व्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने आओ मिलकर कुंभ को कचरा मुक्त बनाएं और आओ मिलकर हरित कुंभ बनाएं के संकल्प में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए एक थाली, एक थैला अभियान में सौ पर्यावरण अनुकूल थालियां एवं सौ पुन: उपयोगी थैले का सहयोग किया। सचिव रितु पोखरना ने बताया कि अध्यक्ष रितु भोजवानी के नेतृत्व में इनर व्हील क्लब चित्तौड़गढ़ ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 और हरित कुंभ में एक थाली, एक थैला अभियान के अंतर्गत 100 पर्यावरण अनुकूल थालियाँ और 100 पुन: उपयोगी थैले पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों के सह प्रांत संयोजक धर्मपाल गोयल को संत रमता राम महाराज और संत दिग्विजय राम महाराज की उपस्थिति में भेंट किए। यह कार्य पार्षद अनिल इनाणी की प्रेरणा से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# राष्ट्र सेविका समिति ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा में राष्ट्र सेविका समिति की बहनों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के शुभ अवसर पर राजकीय जनजाति बालिका छात्रावास में बालिकाओं के बीच जाकर इस दिन को मनाया। कोटा विभाग की कार्यवाहिका बृजेश वैष्णव ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर समिति की बहनों ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। बौद्धिक वक्ता एवं विभाग प्रचार प्रमुख रेखा भांबी ने बताया कि लोकमाता का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने जीवन में असाधारण कार्य किए, जो आज हमारे लिए प्रेरणादायक बन गए हैं। हमें उनके पथ पर चलकर राष्ट्रकार्य में सदैव अग्रसर रहना चाहिए और उनसे प्रेरणा लेकर समाज में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बहनों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राजकुमारी चौहान, आशा व्यास, गुलाब कंवर, अनुपमा समरवाल, कम्मू पारीक, लाड धाकड़, सुनीता अग्निहोत्री, रूपाली पाटील सहित राष्ट्र सेविका समिति और वनवासी कल्याण परिषद की बहनें मौजूद रहीं। कार्यक्रम का आभार उषा त्यागी ने व्यक्त किया।



# राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी का केशोरायपाटन में भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी केशोरायपाटन में एक निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पहुंचे।

मेगा हाईवे के रास्ते गुडली गांव में भाजपा युवा मोर्चा सोशल मीडिया जिला संयोजक रूप शंकर सुमन के नेतृत्व में ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बूंदी छीतर लाल राणा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चौथमल सैनी, और जिला ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष प्रेम शंकर सुमन भी साथ थे।

# शुगर मिल चालू करने की मांग, किसान समन्वय समिति की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन में वर्षों से बंद पड़ी शुगर मिल को चालू करने की मांग को लेकर शुगर मिल किसान समन्वय समिति की बैठक मेगा हाईवे आडा गेला के बालाजी मंदिर परिसर में बैठक आयोजित हुई ।बैठक में पत्र के माध्यम से 22 दिसंबर को क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को बैठक में आने का आग्रह किया जाएगा । बैठक में किसान नेता गिर्राज गौतम, नवीन श्रृंगी, बताया कई बार धरना, प्रदर्शन भूख हड़ताल तक किया किसानों द्वारा जनप्रतिनिधियों को साथ में लेकर शुगर मिल को चालू कराने के प्रदर्शन किया जाएगा ।

इस मौके दशरथ कुमार ,भंवर चौधरी, पुष्पचंद गुर्जर,नवीन गुर्जर, रामस्वरूप पहाड़,शंकर नगर, हरजिंदर सिंह खेड़ा, हरिशंकर नगर,समेत सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहें ।


# रेलवे कार्मिकों की सजगता परखने के लिए सुंदलक-बांरा स्टेशनों के मध्य मॉक ड्रिल किया

## समपार फाटक पर मालगाड़ी की ट्रक से टक्कर के कारण 5 मजदूर घायल होने की मिली सूचना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** रेलवे कार्मिकों की सजगता एवं कार्य प्रणाली तथा आपदा राहत उपकरणों की कार्यशीलता को परखने हेतु दिंनाक 10 दिसम्बर को काल्पनिक दुर्घटना का घटना क्रम निर्मित किया गया। जिसमें कोटा-रूठियाई खण्ड के सुंदलक-बांरा स्टेशनों के मध्य स्थित समपार फाटक संख्या 34 (टी), किमी 60/21-23 पर पीसीएमसी डाउन मालगाड़ी से एक ट्रक के टकराने के फलस्वरूप इंजन और साथ वाले वैगन के पहियों का उतरना तथा 04-05 लोगों के गंभीर रूप से घायल होना बताया गया।

घटना की सूचना गेटमैन द्वारा दोपहर 12.22 बजे स्टेशन मास्टर सुंदलक को दी गई। उक्त घटना की सूचना मिलने पर स्टेशन मास्टर सुंदलक द्वारा खण्ड नियंत्रक को पूर्ण विवरण के साथ घटना की जानकारी दी गई। मंडल नियंत्रण कक्ष कोटा द्वारा सूचना प्राप्त होने पर तुरन्त कोटा स्टेशन पर स्थित चिकित्सा राहत गाड़ी रवाना की गई, जिसमें श्री आर.आर.के. सिंह अपर मंडल रेल प्रबंधक कोटा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी घटना स्थल के लिए रवाना हुए। दुर्घटना स्थल पर बांरा के कलेक्टर, एस.पी., एडीशनल एस.पी., मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत सुंदलक एवं रेलवे के समस्त विभागों के पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। श्री विनोद कुमार मीना वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, कोटा द्वारा दोपहर 01.09 बजे मॉक ड्रिल घोषित किया गया। इस आयोजन का क्रियान्वयन डीआरएम के निर्देशन एवं देखरेख में किया।



# गोदरेज एग्रो वेट कंपनी द्वारा विद्यालय में बालिकाओं के लिए आधुनिक शौचालय व मेडिकल बॉक्स किया सुपुर्द

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के उलेड़ा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय होने के साथ ही वहां पर छात्रों के लिए उपयुक्त शौचालय की काफी लंबे समय से मांग चली आ रही थी ।

जिसे दखते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण दत्त शर्मा ने उलेड़ा में स्थित गोदरेज एग्रो वेट के एचआर हेड अनूप पांडे से उक्त मामले की चर्चा की जिसे कंपनी ने अप्रूवल देत हुए विद्यालय में आधुनिक शौचालय का निर्माण करवाया, जिसे सुपुर्द करने आज कंपनी के वाइस पसिडेंट डॉ आर एस मसली मुंबई से उलेड़ा स्कूल आए। विद्यालय द्वारा अतिथियों का माला पहनकर व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया, विद्यालय की छात्रों ने स्वागत गीत के साथ नृत्य की शानदार पस्तुति दी, पूर्व में भी कंपनी द्वारा विद्यालय को वाटर कूलर, कक्षा 9 से 12वीं के लिए स्टेशनरी, कंप्यूटर फर्नीचर, छात्रों के लिए बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया गया था उसका भी अवलोकन वाइस पसिडेंट ने किया, और कहां की विद्यालय को जब भी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक चीजों की जरूरत होगी कंपनी सदैव तत्पर रहेगी। इस दौरान कंपनी द्वारा विद्यालय में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए एक मेडिकल बॉक्स भी वितरित किया जिसमे फर्स्ट ट्रेड के सभी सामान थे । इस दौरान विद्यालय की शिक्षिका नीलिमा माथुर ने भी हाथ से बने हुए चॉकलेट बुके देकर आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया , जिसे देख अतिथि काफी खुश हुवे। और इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ महावीर कुमार शर्मा, कंपनी मैनेजर प्रवीण कुमार, हार्टफूलनेस की टीचर चांदनी वरयानी, व विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।




# क्रियात्मक अनुसंधान और केस स्टडी का शोध कार्य संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डर्फ स्तरीय प्रभाग स्तरीय और जिला स्तरीय शोध कार्यक्रमों की अंतिम कार्यशाला आयोजित हुई। डाइट में शोध कार्यों के प्रभारी प्राध्यापक डॉ जे पी त्रिपाठी ने बताया कि जिलेभर के शिक्षा विभाग के सभी ब्लॉकों के विभिन्न विद्यालयों में शोधकर्ताओं ने सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप शैक्षिक योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन किया। शोध विशेषज्ञ जुगराज सिंह सोलंकी और नारायण बैरागी ने कहा कि जिले के विद्यार्थियों की सर्वसाधारण समस्याओं पर क्रियात्मक अनुसंधान और केस स्टडी शोधकर्ताओं द्वारा फील्ड वर्क के दौरान संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत की। शोध विशेषज्ञ डॉ संपूर्णानंद सिंह चौथमल शर्मा धनंजय गौतम और रणजीत खींची ने सभी शोधों को जांचा और शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। शोध कार्यों के प्रतिनिधि महेंद्र गौड़ और जोधराज गुर्जर ने बताया कि जिला स्तरीय चतुर्थ शोध कार्यशाला में डर्फ स्तरीय 15 प्रभाग स्तरीय शोध प्रतिवेदन व लेखन पूर्ण कर प्रस्तुत किए गए। शोधकर्ता सुमित विजयवर्गीय ने कहा कि कार्यशाला में जिला स्तरीय शोध कार्यों का दत्त विश्लेषण भी किया गया।

# बाड़ी बार एसोशिएशन के चुनाव, नाम वापसी के बाद स्थिति हुई साफ, 13 को मतदान

## अध्यक्ष के लिए चार, उपाध्यक्ष के लिए तीन और महासचिव के लिए दो प्रत्याशी मैदान मे

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर मंगलवार को शाम 4 बजे नाम वापसी का समय खत्म होने के बाद अब स्थिति साफ हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए जहां चार प्रत्याशी मैदान में हैं वही उपाध्यक्ष पद के लिए तीन और महासचिव पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। ऐसे में अब बार एसोसिएशन द्वारा 13 दिसंबर शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। इसके अलावा कोषाध्यक्ष, सहसचिव, पुस्तकालय अध्यक्ष और ऑडिटर पद पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट राधेश्याम उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को नाम वापसी की अंतिम तिथि थी। शाम 4 बजे तक केवल सह सचिव पद के प्रत्याशी ने नाम वापस लिया है। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए चार, उपाध्यक्ष के लिए तीन,महासचिव के लिए दो प्रत्याशी मैदान में हैं। तीनों पदों के लिए अब 13 दिसंबर शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। उसी दिन मतों की गणना के बाद परिणाम जारी होगा।

**इनका हुआ निर्विरोध निर्वाचन :** बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एडवोकेट राधेश्याम उपाध्याय ने बताया की सह सचिव पद पर अधिवक्ता इमरान खान द्वारा नाम नामांकन पत्र वापस लेने के बाद वीरेंद्र सिंह को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर राकेश अजर को और ऑडिटर पद पर बच्चू सिंह परमार को निर्विरोध निर्वाचित किया है। इन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी ने ही नामांकन दाखिल किया था।

### इनके बीच होगा अब कांटे का मुकाबला

चुनाव अधिकारी एडवोकेट मुरारी लाल अन्दाना ने बताया कि अध्यक्ष उपाध्यक्ष और महासचिव पद के लिए एक से अधिक प्रत्याशी होने के चलते 13 दिसंबर शुक्रवार को मतदान कराया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट मुकेश कुमार कौशिक, सत्येंद्र बहादुर सिंह, मनीष रावत और शिव सिंह भड़ाना मैदान में है। उपाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट रूप सिंह किलेदार, संजीव शर्मा और निजाम खान के बीच मुकाबला होगा एवं महासचिव पद के लिए एडवोकेट जितेंद्र सिंह चौहान और जाकिर रिजवी के बीच आमने-सामने की टक्कर है।



**108 अधिवक्ता करेंगे मतदान :** बाड़ी बार एसोसिएशन में 108 अधिवक्ता रजिस्टर्ड है जो अध्यक्ष,महासचिव और उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिसको लेकर अब तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

**बार संघ का प्रयास, निर्विरोध हो निर्वाचन :** बाड़ी बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि बार एसोसिएशन का प्रयास है कि अध्यक्ष सहित सभी पदों पर निर्विरोध रूप से निर्वाचन हो। यह प्रयास हर बार चुनाव में सफल भी हुए हैं। अधिकांश निर्विरोध ही अध्यक्ष सहित सभी पदों का निर्वाचन होता आया है लेकिन इस बार अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष और महासचिव पद के लिए अधिवक्ता मैदान में है। जिनको समझाने का प्रयास भी किया गया है। प्रयास यही रहेगा की वोटिंग से पूर्व निर्विरोध निर्वाचन हो जाए।

# मरैना में परीक्षा केंद्र बदलने की मांग

## एबीवीपी ने कुलपति के नाम प्राचार्य को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई राजाखेड़ा द्वारा राजकीय कन्या महाविद्यालय मरैना में परीक्षा केंद्र बदलने को लेकर कुलपति के नाम प्राचार्य को ज्ञापन दिया है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि राजकीय कन्या महाविद्यालय मरैना को खुले दो वर्ष हो चुके हैं। पहले महाविद्यालय की छात्राओं को राजाखेड़ा राजकीय महाविद्यालय में परीक्षा देने के लिए आना पड़ता था उसके बाद अब उनका परीक्षा केंद्र धौलपुर राजकीय महिला महाविद्यालय में हैं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि परीक्षा केंद्र मरैना से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित है वहां पर आने-जाने में छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा काफी समय की भी बर्बादी होती है। ज्ञापन देने वालों में नगर मंत्री पतंजलि, पूजा, शिवा, अर्चना, साधना, वीरनदेवी, सोनम, मोनिका, सीता, प्रिया, रेखा, कविता, मोनिका, निशा, बबीता, रोनी, काजल, सीमा आदि छात्राएं मौजूद रहीं।

# सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर

## ट्रक ड्राइवर की मौत, ट्रैक्टर चालक गंभीर घायल; अस्पताल में रखवाया शव

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के सदर थाना क्षेत्र में चांदपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। दोनों वाहनों के बीच हुई भिड़ंत में ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पचगांव चौकी प्रभारी राजेंद्र मीणा ने बताया कि रेलवे द्वारा धौलपुर करौली रेलवे लाइन पर गिट्टी डालने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चांदपुर गांव के पास देर रात को रेलवे का काम कर रहे ट्रैक्टर को उसके ड्राइवर ने सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। इसी दौरान रेलवे की ही गिट्टी डालकर लौट रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क किनारे घायल पड़े ट्रैक्टर के ड्राइवर को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे ग्वालियर रेफर किया गया हैं।चौकी प्रभारी ने बताया कि मौके पर ट्रक में फंसे ड्राइवर को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक ट्रक ड्राइवर विशंभर सेंगर (49) औरैया उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। जिसके परिजनों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद मृतक का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने सीएम व शिक्षा निदेशक को भेजे ज्ञापन

## धौलपुर में अधिशेष शिक्षकों के समायोजन की धांधलियों की उच्च स्तरीय जांच कराने एवं प्रताड़ित शिक्षकों को राहत देने की रखी मांग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने धौलपुर में अधिशेष शिक्षकों के समायोजन में मनमाने ढंग से पदस्थापन की गड़बड़ियों की उच्च स्तरीय जांच कराने व पीड़ित शिक्षकों द्वारा दी जा रही परिवेदनाओ पर राहत दिलाये जाने की मांग की है।संगठन के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री, शिक्षा निदेशक एवं जिला कलेक्टर को भेजे ज्ञापन में लिखा है किअधिशेष शिक्षकों के समायोजन के नाम पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के अधिकारियों एवं इस कार्य में लगे कार्मिकों ने नियमों के विपरीत अपने अपने चहेते शिक्षको को अच्छी स्कूलों में लगाया है और दिव्यांग, महिला ,विधवा शिक्षक शिक्षिकाओं के ब्लॉक बदलकर दूरदराज के 60से 90 किमी दूरस्थ स्कूलों में पदस्थापन देकर प्रताड़ित किया गया है। जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने बताया कि अधिशेष शिक्षकों के समायोजन सूचियों में वरिष्ठता एवं पोस्टिंग में गाइडलाइन के मुताबिक उसी स्कूल,राजस्व ग्राम, ग्राम पंचायत व ब्लॉक में पोस्टिंग दिए जाने के प्रावधानों की पालना नहीं की गई है। यही नहीं सूचियों में कनिष्ठ-वरिष्ठ शिक्षकों को अनदेखी करते हुए मनमर्जी करते हुए भाई-भतीजावाद के आधार पर कई महात्मा गांधी स्कूलों से जिन विषयों के शिक्षकों को अधिशेष किया है और उन्हीं विषयों में अन्य महात्मा गंध स्कूलों में पोस्टिंग देकर दोहरे मानदंड अपना कर मनमानी बरती गई है। प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में लिखा है कि डीईओ की ओर से समायोजन की प्रक्रिया में बरती गईलापरवाहियों का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बडरिया सरमथुरा में एक दर्जन के करीब शिक्षक अधिशेष चल रहे थे शिक्षकों को ना तो किसी अन्य स्कूलों में लगाया ना ही इसी स्कूल में समायोजित किया । इसी तरीके से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय गस्तीपुरा सरमथुरा में माधुरी शर्मा अध्यापक लेवल प्रथम अधिशेष होते हुए उनका समायोजन नहीं किया गया है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मढ़ा व फूलपुरा में सपना शर्मा व उमा देवी सहित कई स्कूलों में अधिशेष चल रही अंग्रेजी की अध्यापिकाओं को भी समायोजित नहीं किया गया।महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में कार्यरत हिंदी माध्यम के शिक्षकों को पहले अधिशेष किया। एक साल से कार्य व्यवस्था उन स्कूलों से हटा रखा था और अब उनको समायोजन के नाम पर ब्लॉक बदलकर दूर दराज के फिर से महात्मा गांधी स्कूलों में लगा दिया। जबकि इन स्कूलों में इंटरव्यू या चयन परीक्षा के माध्यम से ही शिक्षक लगाये जाने के प्रावधान है।ज्ञापन में राजवीर सिंह राजपूत विरोधा धौलपुर के दिव्यांग शिक्षक को इस स्कूल एवं ब्लॉक में समायोजित करने



की बजाय 80 किमी दूर महात्मा गांधी खरगपुर बसेड़ी लगाये जाने तथा केथरी स्कूल की बबीता अध्यापिका को जिनका कई साल पूर्व सेटअप परिवर्तन से उच्च माध्यमिक में समायोजन हो चुका था। पुनः अध्यापिका को नियमों को दरकिनार कर ब्लॉक बदलकर यूपीएस हुसैनपुर बाड़ी में लगाने की खामियों का उल्लेख किया है।

# जलालपुर फीडर पर किसानों का प्रदर्शन

## दिन में बिजली सप्लाई देने की मांग, खेतों की सिंचाई करने में हो रही है परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के जलालपुर बिजली फीडर पर किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। रात की जगह दिन में बिजली देने की मांग करते हुए किसानों ने फीडर को बंद कर दिया। प्रदर्शन करते हुए किसानों ने विद्युत निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। जलालपुर फीडर पर पहुंचे किसानों ने बताया कि उनके क्षेत्र में किसानों को रात के वक्त बिजली दी जा रही है। सर्दी के मौसम में रात के वक्त बिजली मिलने से किसान खासे परेशान हैं। किसानों ने बताया कि उनके आसपास के क्षेत्र में दिन के समय बिजली की सप्लाई दी जा रही है। जिसको लेकर कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों को सूचना भी दी गई है। किसानों ने बताया कि एक माह पहले उनके फीडर पर दूसरा ट्रांसफार्मर आ चुका है। दूसरा ट्रांसफार्मर आ जाने के बाद भी उसे शुरू नहीं किया गया हैं। जिससे उन्हें दिन में बिजली नहीं मिल



पा रही हैं। किसानों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर उन्हें दिन में बिजली सप्लाई देने की मांग की है।

# अन्नपूर्णा रसोई घरों का किया एडीएम ने निरीक्षण, अव्यवस्थाओं को देख जांच के निर्देश

## दमकल स्टाफ ने लगाई एडीएम से गुहार, साहब चौदह महीने से नहीं मिला मानदेय

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( राजू शर्मा )।** शहर में चलने वाली अन्नपूर्णा रसोई घरों का मंगलवार को धौलपुर अतिरिक्त कलेक्टर धीरेंद्र सोनी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सबसे पहले धीरेंद्र सोनी बाड़ी एसडीएम हेमंत कुमार घनघोर और तहसीलदार उत्तमचंद बंसल के साथ शहर के महाराज बाग टाउन चौकी के पास नगर पालिका परिसर में चलने वाले अन्नपूर्णा रसोई घर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा की रसोई घर की स्थिति तो ठीक-ठाक थी लेकिन साफ-सफाई का अभाव था। पीने के लिए लगाया गया आरओ संचालित नहीं मिला साथ में गंदगी को देखकर एडीएम धीरेंद्र सोनी ने रसोई घर के स्टाफ को फटकार लगाई उन्होंने सभी को सचेत किया की रसोई घर में किसी भी प्रकार की लापरवाही और गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद एडीएम और अन्य अधिकारी धनोरा रोड पर चलने वाले अन्नपूर्णा रसोई घर पहुंचे। जहां अव्यवस्थाओं को देख एडीएम ने नगर पालिका ईओ को पूरे मामले के जांच के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ना तो रसोई घर ठीक ढंग से संचालित था ना ही व्यवस्थाएं सुचारू रूप से मिली हैं। ऐसे रसोई घर को चलाने का कोई फायदा नहीं है जहां खाने आने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़े। इसको लेकर उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को पूरे मामले के जांच के निर्देश दिए और एसडीएम हेमंत कुमार को पूरे मामले की फिर से जांच करने के निर्देश दिए हैं।




**दमकल स्टाफ ने लगाई गुहार,साहब 14 महीने से नहीं मिला मानदेय :** महाराज बाग टाउन चौकी के पास स्थित अन्नपूर्णा रसोई घर के निरीक्षण के दौरान पास के फायर स्टेशन के दमकल स्टाफ ने एडीएम से गुहार लगाई,दमकल चालक शरीफ खान के साथ फायरमैन रविंद्र,मनोज,सुभाष और अन्य ने एडीएम को बताया कि उन्हें 14 महीने से मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में उनके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा मानदेय को लेकर कोई संतुष्ट पूर्ण जवाब भी नहीं दिया जा रहा। इस पर एडीएम धीरेंद्र सोनी ने एसडीएम हेमंत कुमार को मामले की जांच के साथ दमकल स्टाफ को जल्द मानदेय मिले इसको लेकर कार्रवाही करने के निर्देश दिए।

# बाड़ी के बामणी नदी आश्रम में भागवत कथा शुरू : पहले दिन निकाली शोभायात्रा, सवेरे 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी( नि.स. )।** बाड़ी के सरमथुरा रोड स्थित राम दरबार बामणी नदी आश्रम में दिवंगत संत पुरुषोत्तमदास महाराज की 19वीं पुण्य स्मृति के अवसर पर श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ शोभायात्रा और कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा प्रारंभ से पहले शहर में शोभायात्रा और कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में आश्रम के महंत बनवारी दास महाराज, रामभरोसी दास महाराज, संत समाज, और कथा के प्रवक्ता पंडित पंकज शास्त्री शामिल हुए। शोभायात्रा का शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आश्रम से जुड़े श्रद्धालु सुरेश दीक्षित ने बताया कि यह भागवत



कथा महायज्ञ 10 दिसंबर से शुरू होकर 18 दिसंबर तक चलेगा। प्रतिदिन दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक कथा वाचन होगा। कथा प्रवचन के लिए वृंदावन धाम से पंडित पंकज शास्त्री को आमंत्रित किया गया है। महायज्ञ के समापन पर 18 दिसंबर को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# राजाखेड़ा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर तीन नामांकन : 13 दिसंबर को होगा मतदान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राजाखेड़ा में बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन के आखिरी दिन अध्यक्ष पद के लिए तीसरा नामांकन दाखिल हुआ है। सीनियर एडवोकेट अश्विनी कुमार जैन ने आखिरी दिन नामांकन दाखिल किया। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिए अब त्रिकोणीय मुकाबला हो गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रविंद्र



सिंह चौहान ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट राजकुमार शर्मा, एडवोकेट रामचित्र शर्मा, एडवोकेट अश्विनी कुमार जैन के नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि कोषाध्यक्ष पद पर एडवोकेट वरुणेंद्र कुमार का एक ही नामांकन पत्र प्राप्त हुआ है। इसके बाद नाम वापसी 11 दिसम्बर को 3.30 बजे तक की जा सकेगी। जिसके बाद अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सभी पदों के लिए मतदान 13 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव को पूर्ण ही पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

# राजाखेड़ा में ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर : बाइक सवार युवक के पैर में आई चोट, हायर सेंटर रेफर किया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे में मंगलवार दोपहर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से चोटिल हुआ है।

युवक को निजी वाहन के द्वारा राजाखेड़ा के शहीद राघवेंद्र सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल युवक पुष्पेंद्र निवासी गोहदूपुरा ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब 12.30 बजे राजाखेड़ा से वापस अपने गांव जा रहा था, इसी दौरान धौलपुर रोड पर बस स्टैंड के पास उसे एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। और इस घटना में बाइक सवार युवक का पैर फ्रैक्चर हुआ है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई और युवक को निजी वाहन के द्वारा राजाखेड़ा के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पीड़ित युवक को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन की जांच कर रही है।



# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सनातन जागरण मंच के आव्हान पर ब्यावर बन्द रखा

## सर्व समाज के लोग चांग गेट पर एकत्रित होकर हजारों की संख्या में जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन देने पहुंचे

बढ़ता राजस्थान







**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** सनातन जागरण मंच ब्यावर के तत्वावधान में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व निर्दोष हिन्दुओं की गिरफ्तारी को अविलम्ब रोकने के मामले को लेकर ज्ञापन दिया। वहीं सनातन जागरण मंच के आव्हान पर ब्यावर बन्द किया गया। बन्द के दौरान तमाम दुकाने बन्द रही। बन्द के दौरान आवश्यक सेवाओँ को अलग रखा गया। चांगगेट पर सभी समाज के लोग एकत्रित होकर जिला कलेक्टर कार्यालय पहुँचे जहां उन्होने बांग्लादेश में हिन्दु अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अत्याचार व महिलाओं की इज्जत के साथ कर रहे खिलवाड़ की कड़े शब्दों मे निन्दा करते हुए तत्काल प्रभाव से इस तरह के कृत्य को रोकने की मांग की है। रैली में ब्यावर बार के कई अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया। रैली चांगगेट से निकली जिसमें भारी तादाद में महिलायें व पुरुष और युवा तख्ती लेकर निकल रहे थे। सभी ने बांग्लादेश के विरुद्ध नारेबाजी की और हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की। रैली में सनानत समाज के सभी सन्त व शहर की आम जनता मौजूद थी। जिला कलेक्टर कार्यालय में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन लिया। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय महिला परिषद के तत्वाधान में बांग्लादेश में लंबे समय से हो रहे हैं हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदय भारत सरकार के नाम जिला कलेक्टर ब्यावर को ज्ञापन दिया गया । संगठन के विभाग उपाध्यक्ष मुकेश सोनी ने बताया कि संगठन की योजना से पूरे भारतवर्ष में विरोध स्वरूप धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देकर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की। मंगलवार को ब्यावर में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सिद्धार्थ जैन एवं राजेंद्र बाड़मेरा के नेतृत्व में भी ज्ञापन देकर मांग की गई है कि बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ निरंतर हो रहे अत्याचार कत्लेआम की रोकथाम हेतु तत्काल सख्त कार्यवाही होनी चाहिए और इन घटनाओं से हिंदू समाज में जबरदस्त आक्रोश है। विरोध करने वालों में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग उपाध्यक्ष मुकेश सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमावत, विभाग अध्यक्ष डॉ विवेक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर अध्यक्ष अशोक शारडा, राष्ट्रीय महिला परिषद प्रदेश अध्यक्ष ममता गुप्ता जिला अध्यक्ष सावित्री देवड़ा,राजरानी गुप्ता, ममता जालवल, निशा कुमावत,विधिक सलाहकार एडवोकेट रामेन्द्र शर्मा,कपिल जालवाल, नगर मंत्री सत्यनारायण बालोदिया, महेन्द्र सोनी,आदि उपस्थित रहे।

## राजसमंद नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 185 वी जयंती के मौके पर राजसमंद नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान आलोक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के संबंध में अपने मौलिक विचारों को कागज पर उतरा। करीब आधे घंटे समय अवधि मैं बच्चों ने निबंध को पूरा किया।इस मौके पर नगर परिषद के ओर से अभिमन्यु उदावत, पूजा पालीवाल, आलोक संस्थान से ध्रुव कुमावत, प्रधानाचार्य ललितपुरी गोस्वामी, संस्थान के मनोज आमेटा, आईसी टीम सदस्य हरीश धनोतिया, राहुल ठाकुर, तरुण जोशी मौजूद रहे। निबंध प्रतियोगिता के समापन के दौरान वहां मौजूद अधिकारियों ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। नगर परिषद ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के समापन के बाद चयनित विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा।

## राज्यस्तरीय पैरा सिटिंग वॉलीबॉल में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान, पूरी मेघवाल के नेतृत्व में जालोर टीम ने रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान




**जालोर (फौजाराम मेघवाल)।** सीकर में आयोजित चौथी राज्यस्तरीय सीनियर पैरा सिटिंग वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2024 में जालोर की पूरी मेघवाल की कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने जिले का मान बढ़ाने के साथ ही पैरा खेलों में नया कीर्तिमान स्थापित किया हैं।

**कप्तान पूरी मेघवाल का शानदार नेतृत्व :** लेदरमेर की रहने वाली पूरी मेघवाल, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुकी हैं, ने टीम को कुशलता से नेतृत्व करते हुए अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। उनके नेतृत्व ने टीम को मुश्किल परिस्थितियों में भी एकजुट रखा और जीत की ओर प्रेरित किया। टीम में शामिल रेखा मेघवाल (आहोर), हेमलता (पुनासा), कीका देवी (दासपां), सरिता गोरा और ममता मीना ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से टीम की जीत सुनिश्चित की। हर खिलाड़ी ने मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए जज्बा और जुनून का प्रदर्शन किया।

**खेल और जज्बे की मिसाल :** यह कांस्य पदक जालोर जिले के लिए गर्व का क्षण है। पूरी मेघवाल और उनकी टीम ने साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण के दम पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। जिलेवासियों और शुभचिंतकों ने टीम को कांस्य पदक जीतने पर बधाईयां दी हैं।

## अब अकारण रेलगाडी की चैन खीचंने वालो और आरक्षित कोच मे यात्रियो के साथ बदसलूकी करने वालो पर होगी कड़ी कारवाई

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.)।** स्थानीय जीआरपी थाने पर मंगलवार को सीएलजी सदस्यो की बैठक थाने के सीआई गुलजारी लाल की अध्यक्षता मे आयोजित हुई। बैठक मे अतिथी के रूप मे आरपीएफ के आईपीएफ राजेश सिंह व नगरपालिका के नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक थे.।बैठक मे जीआरपी सीआई गुलजारी लाल ने बताया कि आजकल रेल के आरक्षित कोच मे सीट को लेकर कुछ दैनिक यात्री आरक्षण करवा कर यात्रा करने वालो के साथ लडाई झगडा करते है., इनके खिलाफ अब कडी कारवाई की जायेगी। आईपीएफ राजेश सिंह ने बैठक मे जानकारी दी कि अकारण गाडीयो मे जंजीर खीचने वालो से रेलवे प्रति एक मिनट के आठ हजार रूपये जुर्माना वसुल करेगी। सीआई गुलजारी लाल ने कहा कि रेल मे आजकल चोरी जैसी घटनाये अधिक हो रही है।

## देसूरी की नाल में स्कूली बस दुखांतिका मामला, विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन

### हादसे के बाद आज जिला कलेक्टर भी लेंगे अहम बैठक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिले के देसूरी की नाल में दो दिन पहले हुई स्कूली बस दुखांतिका के बाद मंगलवार को देसूरी की नाल संघर्ष समिति के बैनर तले विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिसमे हादसों की रोकथाम के नई सड़क का निर्माण करवाने और कुछ जरूरी सुझावों पर अमल करने की मांग की। देसूरी की नाल संघर्ष समिति के संयोजक डॉक्टर गोविंद सिंह सोलंकी ने बताया कि संघर्ष समिति पिछले कई सालों से सड़क से लेकर सरकार और हाई कोर्ट तक नई सड़क निर्माण की मांग को लेकर संघर्ष कर रही है। हाई कोर्ट में दायर याचिका के बाद के बाद आरएसआरडीसी और प्रशासन कुछ एहतियातन कदम उठाये है, लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरे के बराबर साबित हो रहे हैं। लगातार हादसों को रोकने के लिए एलिवेटेड रोड ही एकमात्र विकल्प है। यह सड़क उत्तरी मध्य और दक्षिणी भारत को पश्चिमी राजस्थान से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। ऐसे में सरकार सरकार अगर इस बार बजट में सड़क निर्माण का ऐलान नहीं करती है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। वही सामाजिक संगठनों की ओर से ऐहतियात के तौर पर क्षेत्र में एंबुलेंस, क्रेन, पुलिस चौकी स्थापित करने और मोबाइल टावर लगवाने की मांग की है। जिस पर अधिकारियों ने समस्या का निराकरण करने और सरकार तक प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया है। राजसमंद में रविवार को देसूरी नाल सड़क हादसे में 3 स्कूली छात्राओं की मौत के बाद सोमवार को राज्य बाल आयोग सदस्य राजसमंद पहुंचे और पूरे घटना की जानकारी ली। वही मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड ने आदेश जारी कर महात्मा गांधी राजकीय स्कूल मानक देह के अध्यापक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया को विभाग को सूचित किए बिना व अभिभावकों की लिखित स्वीकृति के बिना स्कूल के बच्चों को ट्यूर पर ले जाने पर निलंबित कर दिया । राज्य आयोग सदस्य ध्रुव कुमार कविया के द्वारा बाल कल्याण समिति तथा बाल अधिकारिता विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दुर्घटना की जानकारी ली। इसके बाद टीम ने आरके हॉस्पीटल पहुंचे जहां उन्होंने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक से बात की।

इसके बाद वो हॉस्पीटल के नानालाल कुमावत एवं प्रकाश वैष्णव के साथ वार्डों का दौरा किया जहां दुर्घटना में घायल भर्ती बच्चो व परिजनों से मुलाकात की।

## ब्यावर में सर्दी ने अपने तेवर दिखाने शुरु किये, लोगो ने जलाए अलाव



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (नि.स.)।** देर से पड़ी सर्दी अब अपना रंग दिखाने लगी है. उत्तर भारत में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ और तेज होती हवाओं ने राजस्थान में सर्दी बढ़ा दी है. मौसम विभाग ने भी कड़ाके की ठंड पड़ने को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। दिसंबर माह की शुरुआत से ही सर्दी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया था जहां मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए 10 दिसंबर से प्रदेश के कई इलाकों में शीत लहर चलने की संभावना जाहिर की थी उसका दो दिन पहले से कहीं ना कहीं असर देखने को मिल रहा है। शीत लहर में लोग शाम होते ही अलाव लगाकर तपने बैठ जाते हैं। इस शीत लहर के कारण शाम होते-होते सड़कों पर भी चहल-पहल कम हो जाती है।

## ब्यावर से पाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाई गई रिफ्लेक्टिव टेप

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने गत सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को ब्यावर जिले से गुजरने वाले समस्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा मानकों को बढ़ाने हेतु निर्देशित किया था । जिला कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालना में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति के अधिकारियों ने ब्यावर से पाली की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की निरीक्षण व ऑडिट की । जिला कलेक्टर के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को ब्यावर से पाली होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर रिफ्लेक्टिव टैप्स लगाई गई। रिफ्लेक्टिव टैप्स लगाने से वाहन चालकों को सड़क पर रात को घुमाव, मोड़ इत्यादि प्रदर्शित हो जाएंगे जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी । जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को सुरक्षा मानकों में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए हैं।

## राजा परीक्षित की मोक्ष के साथ सात दिवसीय भागवत का विश्राम, आज यज्ञ के साथ होगी पूर्णाहुति

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** स्थानीय उदयपुर रोड स्थित बी एम एल शर्मा नगर में स्थित कुबरेश्वर नाथ मंदिर परिसर में वृंदावन के संत भाव पीयूष बाबुल नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को राजा परीक्षित के मोक्ष के प्रसंग के साथ विराम हो गया। कथा वाचक बाबुलनाथ महाराज ने कहा कि चाहे भागवत कथा हो या रामायण कथा का समापन नहीं होता बल्कि विराम होता है। कथा निरंतर जगत में सदैव चलती रहती है। कथा में कथा वाचक बाबुलनाथ महाराज ने भगवान कृष्ण के विवाह का विस्तार से वर्णन किया साथ ही राधा रानी से गोपियों का मिलन, ऋषियों के द्वारा यदुवंशियों को श्राप का प्रसंग और सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन करते हुए भगवान श्री कृष्णा और सुदामा की दोस्ती पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर कथावाचक महाराज ने सुदामा द्वारा भगवान कृष्ण को बैठ किए गए चावल रूपी प्रसाद का वितरण किया। कथा से जुड़े दिनेश शर्मा ने बताया कि कल बुधवार को कथा स्थल पर महायज्ञ और पूर्णाहुति के साथ कथा का विराम होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को यज्ञ में आहुति के लिए आमंत्रण दिया। कथा में दिनेश शर्मा, ऋतु शर्मा और राम प्रसाद प्रजापति ने कथावाचक बाबू नाथ महाराज, आचार्यों और संगीतज्ञों का सम्मान कर भेंट की। कथा में राम प्रसाद प्रजापति, मंजू प्रजापति चतुर्भुज साहु देवेंद्र सेन मुकेश चौहान देवकरण शर्मा बृजेश शर्मा पार्षद राजेश शर्मा विपिन अग्रवाल आदि सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पेंशनर समाज कपासन ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में बांग्लादेश अल्पसंख्यक समुदाय को तत्काल राहत दिलाने की मांग की

बढ़ता राजस्थान




**कपासन(नि.स.)।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा कपासन द्वारा नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ हो रहे निर्मम अत्याचार को लेकर उपखंड अधिकारी कपासन को ज्ञापन सौंपा गया।जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय को शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के साथ सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिलाने की मांग की गयी। ज्ञापन में पेंशनर समाज ने बताया कि विगत तीन चार महीनों से बंग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय पर जो अमानुषिक जुल्म सितम किये जा रहे हैं। उनके पुजा स्थलों को नष्ट किया जा रहा है।जो तस्वीरें वहाँ से प्रकाशित हो रही हैं।वे रोंगटे खड़े कर देने वाली तथा हृदयविदारक हैं।सभ्य समाज में ऐसे अत्याचार बर्दास्त नही किये जा सकते है।नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित उच्च पदस्थ व्यक्ति से तो ऐसी कल्पना करना भी कठिन हैं।

साथ ही पेंशनर समाज ने ज्ञापन के माध्यम से अनुरोध किया कि तत्काल बांग्लादेश के विरूद्ध कठोर कार्यवाही कर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्रदान करावें। इस अवसर पर कपासन पेंशनर समाज अध्यक्ष रामनारायण शर्मा,जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गोड, सचिव नंदलाल बोहरा,कोषाध्यक्ष खेमशंकर नंदवाना,संरक्षक वैद्य मुरलीमनोहर जोशी,सदस्य प्रेमशंकर जोशी,शिवशंकर उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

### रेलमगरा में चोर गिरफ्तार

## 7 बाइक बरामद : 30 सेकेंड में हैंडल तोड़कर पार कर लेता था गाड़ी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** में रेलमगरा पुलिस ने बाइक चोरी के शातिर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए चोरी की 7 बाइक बरामद की। गिरफ्तार आरोपी अपने दोस्तों के साथ मिलकर बाइक चोरी की कई वारदातें कर चुका हैं।रेलमगरा पुलिस थाना इंचार्ज प्रभु सिंह चुण्डावत ने बताया कि बढ़ती बाइक चोरी की वारदातों के बाद हेड कॉन्स्टेबल ओमसिंह, शम्भुलाल, नोरताराम, राहुल सुथार की टीम गठित कर संदिग्ध बदमाशों को चिह्नित किया गया। उसके बाद पुख्ता जानकारी व तकनीकी आधार पर पुलिस ने सनवाड़ निवासी किशन पुत्र मांगी लाल जटिया की रैकी कर पीछा किया। जिस पर पुलिस ने किशन को बाइक सहित दरीबा क्षेत्र से गिरफ्तार किया।आरोपी किशन के पास 20 फरवरी 2024 को रेलमगरा से चुराई गई बाइक बरामद हुई।

जिसके बाद पुलिस ने आरोपी से और पूछताछ की तो आरोपी से उदयपुर, फतेहनगर व चित्तोड़गढ़ जिले से चुराई 7 बाइक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी से बाइक चोरी की और भी वारदाते खुलने की संभावना है।

# जिला स्तरीय पर्यावरण समिति बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा विभिन्न प्रकरणों में पारित निर्णय की पालना में जिला स्तरीय पर्यावरण समिति के सदस्यों की बैठक मंगलवार को समिति की अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर शुभम चौधरी कीअध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में पर्यावरण सरंक्षण, जल सरंक्षण, बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेन्ट शहर में बढ रहे जल, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण, प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेन्ट, सॉलिड वेस्ट मेनेजमेन्ट, अवैध खनन सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं उपवन सरंक्षक सामाजिक वानिकी श्रवण कुमार रेड्डी, अतिरिक्त जिला कलक्टर महोदय धारासिंह मीना, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण मण्डल बलजीत मीणा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों को विद्यालय से जुड़े रहने का किया आह्वान



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रजवास में पीईईओ क्षेत्र के विद्यालयों के एसएमसी व एसडीएमसी सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया । सामुदायिक गतिशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व प्रार्थना के साथ किया गया । दक्ष प्रशिक्षक रमेश कुमार जाट व प्रेम प्रकाश शर्मा ने संभागियों को समुदाय की गतिशीलता की अवधारणा, सदस्यों का कर्तव्य एवं भूमिका, समितियों के कार्य, विद्यालयों में जन सहभागिता से करवाए जाने वाले कार्यों में अपनी भूमिका आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी । उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विद्यालयों में जन सहयोग से करवाए गए कार्यों व प्रयासों की जानकारी दी । प्रधानाचार्या कविता आत्रेय ने सभी प्रतिभागियों को सदैव विद्यालय की व्यवस्थाओं मे सहयोग करते हुए भौतिक विकास व गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया । इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य किशोर कुमार वर्मा,श्रवण लाल जाट, कैलाशचंद बेरवा, प्रहलाद बैरवा,ममता शर्मा,रामसहाय चौधरी,पंचूराम मीणा, हेमराज वर्मा, गोवर्धनी शर्मा, छोटा देवी,मन्नी देवी, रीना देवी, सुगना देवी, राम प्रसाद बेरवा, मीरा देवी सहित अन्य सदस्य अभिभावक उपस्थित थे ।

# मुनाफे की उम्मीद में लगा दी चिटफंड कंपनियों में जमा पूंजी

## अब रिकवरी के लिए भटक रहा आमजन

## तपजप संगठन ने कलक्टर को ज्ञापन सौंपा, ठगी पीड़ितों को जमापूजी दिलाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर सिटी ( अब्दुल माहिर )।** मुनाफे की उम्मीद पर मेहनत से कमाई जमा पूंजी चिटफंड कंपनियों में इनवेस्ट कर चुके लाखों परिवार अब मुनाफा छोड़ मूल रकम के लिए सरकार की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। जिम्मेदार चिटफंड कंपनियों से ठगी के शिकार आम उपभोक्ताओं की राशि वसूल कर पीड़ितों को दिलाने में कोई रूची नहीं ले रहे हैं। यह बात अलग है देशभर में चिटफंड कंपनियों के जाल में फंस कर ठगी के शिकार हुए आमजन को जमापूंजी दिलाने के लिए सरकार ने अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 (बड्स) भी बनाया। इसकी पालना के लिए जिम्मेदार भी नियुक्त किए, लेकिन कई जिलों में इसकी पालना नहीं हो रही। ऐसे में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन देशभर में भर में आंदोलन कर ठगी के शिकार हुए आमजन की आवाज उठा रहा है। इसी कड़ी में संगठन के प्रदेश संयोजक बृजमोहन योगी व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पीड़ितों ने गंगापुर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप की बड्स अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवारों को चिटफंड कंपनियों से इनवेस्टमेंट के नाम पर जमापूंजी वापस दिलाने की मांग की है। प्रदेश संयोजक योगी ने बताया कि उक्त अधिनियम के तहत देश भर में विशेष अदालतें, सक्षम और सहायक सक्षम अधिकारी नियुक्त कर ठगी पीड़ितों के आवेदन लेकर उनकी जमा राशि का दो से तीन गुणा भुगतान 180 दिन में करवाना था, लेकिन गंगापुर जिले में अभी तक ठगी के शिकार लोगों की राहत के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि अधिनियम की पालना करवा कर ठगी पीड़ितों का भुगतान दिलाने और देश को ठगमुक्त राष्ट के रूप में स्थापित करने के लिए हमारा संगठन एक सितम्बर 2024 से लगातार सत्याग्रह आंदोलन चला रहा है। इस संबंध में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और स्थानीय अधिकारियों को कई बार ज्ञापन भी दिए गए, लेकिन बड्स एक्ट 2019 की पालना में ढिलाई बरती जा रही है। उन्होंने कहा देशभर में 42 करोड़ ठगी पीड़ितों को एक मई 2025 से पहले मतदान बूथ स्तर पर भुगतान नहीं किया गया तो, तपजप संगठन सत्याग्रह आंदोलन को आगे बढ़ाएगा।

# खुले धनिया पाउडर को विक्रय करने एवं मिस ब्राण्ड पाये जाने पर प्रोपराइटर को हुई 2 वर्ष की सजा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पब्लिक हैल्थ लैबोरेटरी अजमेर की जांच में धनिया पाउडर को खुले में विक्रय करने एवं मिस ब्राण्ड पाये जाने पर न्यायालय एसीजेएम निवाई ने एक फर्म के प्रोपराईटर को दो वर्ष का कारावास व 20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। न्यायालय ने जुर्माना राशि जमा नहीं कराने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

खाद्य सुरक्षाधिकारी मदनलाल गुर्जर ने शहर में सैंपलिंग के दौरान 3 अक्टूबर को एक फर्म से खुला हुआ धनिया पाउडर का सैम्पल लिया था। अभियोजन अधिकारी सुधाकर प्रधान न्यायालय एसीजेएम निवाई ने प्रकरण में आरोपीगण को सजा दिलवाने में अहम भूमिका निभाई।

# पोल शिफ्टिंग की डिमांड राशि जमा करवाने 6 माह बाद भी नही हटे सड़क से पोल, संवेदक ने किया निर्माण कार्य बंद

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** नटवाड़ा ग्राम पंचायत नटवाड़ा मुख्यालय से गुजरते 28 करोड़ 51 लाख रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाला बरौनी-शिवाड़ स्टेट हाईवे 122 सडक् सीमा में विद्युत पोल को हटवाने के लिए पीडबल्यूडी विभाग द्वारा शिप्टिंग डिमांड राशि 7 लाख 51 हजार 8 सौ 52 रुपए की राशि जमा करवाने के 6 माह बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते सड़क से पोल नही हटाए गए है। सडक् के बीचोंबीच खड़े बिजली पोल हादसे का कारण बन सकते हैं। वही बिजली पोल नही हटने के कारण संवेदक ने सड़क निर्माण बंद कर दिया है। सड़क निर्माण में अधूरा कार्य राहगीरों व वाहन चालकों के लिए आफत बना हुआ है। सडक् निर्माण शुरू होने से पहले ही पीडबल्यूडी विभाग ने जून 2024 में ही एक लाख 8 हजार 3 सौ 99, 2 लाख 9 हजार 5 सौ 64 एवं 3 लाख 33 हजार 8 सौ 89 रुपए के तीन डिमांड की राशि पुरानी बिजली लाइन तथा पोलो को सडक् दायरे से दूर शिफ्ट करने के लिए जमा करवा दिए गए है। पीडबल्यूडी विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार स्मरण पत्र लिखे लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की मनमर्जी के चलते 6 माह का समय गुजरने के बावजूद भी सड़क के दायरे में आ रहे बिजली के पोल नही हटे। जिसके कारण मजबूरन संवेदक को निर्माण कार्य रोकना पड़ा। जिसका खामियाजा वाहन चालक एवं आम जनता को भुकतना पड़ रहा है।

### रोड़ क्रॉसिंग नही हो रही है पालना

निर्माणाधीन स्टेट हाईवे 122 सड़क की ऊचाई पहले की अपेक्षा 3-4 फीट बढ़ गई है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाली हाईटेंशन लाईन की ऊचाई बहुत कम हो गई है। जिससे 11 केवी तारो के भरी वाहनो से छूने का अंदेशा बना रहता है। जबकि नियमानुसार रोड़ क्रॉसिंग पर सड़क के दोनों ओर लोहे के ऊचे टावर लगाने चाहिए। वही सडक् के दायरे में खड़े बिजली के पोलो पर रेडियम की व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में भारी वाहनों की आमने-सामने रोशनी के दौरान दुर्घटना होने का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बरौनी-शिवाड़ पर नटवाड़ा बाईपास तिराहे के आसपास सड़क निर्माण को लेकर कार्य जारी है। सड़क पर खड़े विद्युत पोल हादसे को न्यौता दे रहे हैं। डिस्कॉम एवं प्रशासन इस ओर ध्यान देकर पोल हटाएं। जिससे किसी दिन कोई बडा हादसा नहीं हों।

### इनका कहना है

जयपुर विध्युत वितरण विभाग निवाई के अधिशाषी अभियंता नन्दकिशोर खींची ने बताया कि पोल शिफ्टिंग स्वीकृति हो गई है। पोल शिफ्टिंग का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है शीघ्र ही पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू करवा दिया जावेगा।

**नन्दकिशोर खींची ,अधिशाषी अभियंता**

पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता आशीष वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग कि ओर से पोल शिफ्टिंग करने के लिए जारी डिमांड नोटिस की विभाग द्वारा 6 माह पूर्व ही जमा करवा दी गई है। लेकिन अभी तक सड़क सीमा से पोल नही हटे है। जिसके कारण मजबूरन संवेदक निर्माण कार्य बंद करना पड़ा।

**आशीष वर्मा , अधिशाषी अभियंता,पीडब्ल्यूडी**



# युवा महोत्सव में बिखेरे लोक संस्कृति और कला के रंग

## प्रतियोगिताओं में युवा कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

बढ़ता राजस्थान




**निवाई ( लालचंद माली )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय माडल स्कूल में मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, पंचायत समिति प्रधान रामअवतार लांगडी, उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सैमुअल द्वारा कार्यक्रम का शुभांभ किया गया। आयोजन सचिव एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दीपिका सैमुअल ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय राजस्थान युवा महोत्सव में राज्य की विलुप्त एवं दुर्लभ विशिष्ट कलाओं एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन को लेकर हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां से समां बांध दिया। एसीबीओ रमेशचन्द विजय व प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि सामूहिक लोकनृत्य, चित्रकला, सामूहिक लोकगीत, कला, एकल शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय एकल नृत्य, राजस्थान की लुप्त होती कलाएं, पैनल चर्चा, कविता लेखन, थीम आधारित नाटक, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, फोटोग्राफी, एकांकी नृत्य, शास्त्रीय वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियां देते हुए दमखम दिखाया। प्रतिभागियों द्वारा कविताओं, चित्रकला की प्रस्तुतियां सहित शास्त्रीय नृत्य, मांडना इत्यादि की प्रस्तुतियों से अलग-अलग संस्कृति की झलक देखने को मिली।

युवा महोत्सव में कुल 250 प्रतिभागिओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन गिर्राजप्रसाद गुर्जर व श्वेता नागर ने किया। इस दौरान भाजपा नेता रामप्रसाद महाराजपुरा, पार्षद नितिन छाबडा, संदर्भ व्यक्ति ओमप्रकाश गौतम, प्रधानाचार्य देवेन्द्रपाल चौधरी, कुसूम कोशिक, मानसी चौधरी, यामिन खान राकेश अग्रवाल सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# पशुपालक अपने अमूल्य पशुओं को तेज सर्दी एवं शीत लहर से बचाएं : डॉ. छोटू लाल बैरवा

## गौशाला संचालक एवं पशुपालक अपने पशुओं को गुनगुना पानी पिलाएं एवं धूप में बांधे

बढ़ता राजस्थान




**टोंक ,( का.स. )।** तेज सर्दी के मौसम में जिले के पशुपालकों को किसी भी समस्या के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इसे लेकर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा गंभीर है। उन्होंने पशुपालकों के पशुओं को तेज सर्दी एवं शीतलहर से बचाने के लिए फील्ड में जाकर जिले के सभी पशु चिकित्सालय के प्रभारियों को बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए है। तापमान में आई गिरावट को देखते हुए संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने जिले के गौशाला संचालकों एवं पशुपालकों को उनके अमूल्य पशुओं को तेज सर्दी से बचाने एवं उनकी उचित देखभाल करने की सलाह दी है।

**पशुपालक एवं गौशाला संचालक तेज सर्दी से इस तरह बचाएं अपने पशुओं को :** संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने बताया कि तेज सर्दी में जिले के समस्त गौशाला संचालक एवं पशुपालक अपने अमूल्य पशुओं को ढके स्थानों में रखे। रोशनदान, दरवाजों व खिड़कियों को टाट और बोरे से ढंक दें। पशुशाला में गोबर और मूत्र निकास की उचित व्यवस्था करें ताकि जल जमाव न हो पाएं। पशुशाला को नमी और सीलन से बचाएं और ऐसी व्यवस्था करें कि सूर्य की रोशनी पशुशाला में देर तक रहे। बासी पानी पशुओं को न पिलाए। बिछावन में पुआल का प्रयोग करें। पशुओं को जूट के बोरे को ऐसे पहनाएं जिससे वे खिसके नहीं। गर्मी के लिए पशुओं के पास अलाव जला के रखें। संयुक्त निदेशक ने बताया कि पशु के प्रसव के बाद उसे गुनगुना पानी पिलाएं। गर्भित पशु का विशेष ध्यान रखें व प्रसव में जच्चा-बच्चा को ढके हुए स्थान में रखें।

# पीड़ित मानव की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है : ईसरानी

## दिव्यांग बालकों को बांटी जर्सी

बढ़ता राजस्थान




**निवाई ( का.स. )।** लायंस क्लब द्वारा योगेश विशेष विद्यालय के दिव्यांग बालकों को जर्सी वितरण एवं प्रसादम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी रहे अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश गुप्ता ने की ,विशिष्ट अतिथि ज्ञानचंद जैन जोनल चेयरमेन लायन्स क्लब इनटरनेशनल रहे । ज्ञानचंद जैन ने बताया कि लायन्स क्लब निवाई कई सामाजिक सरोकार के कार्य करता रहा है इसी कड़ी में मंगलवार को योगेश विशेष विद्यालय के दिव्यांग बालकों को जर्सी वितरण एवं प्रसादम का आयोजन किया गया है साथ ही भामाशाह लायन अशोक कुमार एवं सुनिता अग्रवाल की वैवाहिक जीवन की 31वीं वर्षगांठ पर उनको केक काटकर बधाई दी गई । मुख्य अतिथि दिलीप ईसरानी ने कहा कि निवाई एक धर्म नगरी है यहाँ बाबा श्याम की कृपा से मानव सेवा में कई संगठन लगातार कार्य करते रहे हैं लायन्स क्लब भी उनमें अग्रणी रहा है मेरा मानना है कि पीड़ित असहाय की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है अत: सभी को आगे आकर इस प्रकार का सेवा कार्य करते रहना चाहिए । लायन्स क्लब अध्यक्ष अशोक जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । अतिथियों के द्वारा जर्सी पाकर बालकों के चेहरे खिल उठे तथा बालकों ने प्रसादम का आनंद लिया। योगेश विशेष विद्यालय के सचिव डॉ. सीताराम स्वामी ने पधारे हुए सभी अतिथियों को संस्था का अवलोकन कराते हुए संस्था की गतिविधियों से अवगत करवाया एवं सभी का आभार व्यक्त किया। भामाशाह मोहनलाल सर्राफ अपने परिवार के साथ इस विद्यालय में हमेशा सेवा कार्य करते रहते हैं उसके लिए भी संस्था परिवार और लायन्स क्लब की तरफ से आभार व्यक्त किया गया । इस अवसर पर लायन्स क्लब के संरक्षक हुकुमचंद जैन, लायंस क्लब के सचिव महेंद्र लावा, ब्रजमोहन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनय जैन, डॉ अवधेश जैन ,अरविंद जैन, सुरेश जैन, राधेश्याम जैन, नितिन जैन उपस्थित रहे।

# मानव अधिकारों का संरक्षण विषमता, भेदभाव, वैमनस्य पर रोक लगानी होगी : बैरवा



बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( नि.स. )।** जिले के राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में मानव अधिकार दिवस पर संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता एवं नोडल अधिकारी प्रोफेसर रमेश बैरवा ने वर्तमान परिदृश्य एवं हमारे मानव अधिकार विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि 卐 मानव अधिकारों की अवधारणा में अमेरिकी, फ्रांसीसी एवं रूसी क्रांति, साम्राज्यवाद एवं फासीवाद विरोधी आंदोलन, पूंजीवाद के आर्थिक संकट के परिणाम स्वरूप लोक कल्याणकारी राज्य की विचारधारा एवं अनेक बुद्धिजीवी एवं राजनेताओं का प्रमुख योगदान रहा है। उग्र राष्ट्रवादी एडोल्फ हिटलर के लाखों लोगों के जनसंहार से बुरी तरह आहत विश्व के नेताओं ने मानव अधिकारों को संयुक्त राष्ट्र संघ के एजेंडे में प्रमुख स्थान दिलाया। गौरतलब है कि 1948 की 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' एक महिला एलेनोर रूजवेल्ट की अध्यक्षता में ही तैयार हुई थी। मानव अधिकार असल में वे अधिकार है जो हमें मनुष्य होने के नाते मिले हैं जो सरकार प्रदत नहीं हैं, बल्कि सार्वभौमिक है। हम सभी में निहित हैं। रोटी, कपड़ा, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, समानता, शोषण से मुक्ति, स्वच्छ पर्यावरण, सभी के लिए गरिमामय जीवन प्रमुख मानव अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तेजी से बढ़ती आर्थिक विषमता, जाति एवं जेंडर आधारित भेदभाव, धार्मिक वैमनस्य, बेरोजगारी, महंगाई, बिगड़ते पर्यावरण, अभिव्यक्ति की आजादी के हनन, श्रमिकों के शोषण एवं किसानों की बदहाली पर रोक लगानी होगी। सभी नागरिकों के लिए संविधान प्रदत्त गरिमामय जीवन के लिए अनुकूल सामाजिक एवं आर्थिक हालात पैदा करने होंगे। मानव अधिकार आयोग को स्वतंत्र, सक्रिय एवं संवेदनशील होकर पीड़ितों को सही में न्याय दिलाना होगा। इस दौरान मानव अधिकारों पर प्रधनोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। इसमें छात्रा सपना मीणा प्रथम, सोनम द्वितीय एवं अनीशा मीणा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन भूगोल प्रवक्ता डॉ. ऋषिकेश गुर्जर ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। संकाय सदस्य डॉ.भूरसिंह गुर्जर, डॉ.संपूर्णानंद गौतम, डॉ.गिर्राज प्रसाद जोनवाल, विकल्प कामत, महेंद्र कुमार धोबी एवं मानसिंह मीणा ने विचार रखे।

# विश्व मानवाधिकार दिवस पर हुआ जागरूकता शिविर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मंगलवार को विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा मानवाधिकार दिवस के महत्व से अवगत करवाते हुए उपस्थित छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को संविधान में भारतीय नागरिकों को प्राप्त मौलिक अधिकारों, कानूनी अधिकारों आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही आम नागरिकों के लिए संचालित नालसा एवं रालसा द्वारा संचालित योजनाओ, इन योजनाओं के कार्यान्वयन में विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं विधिक सेवा समितियो की भूमिका, पैनल अधिवक्ताओं के माध्यम से नि:शुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

साथ ही कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम 2013) पोश एक्ट के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिए अपनाये जा सकने वाले उपायो, लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में शिकायत के आवेदन की प्रक्रिया, शिकायत के निवारण में प्रदान की जाने वाली सहायता के साथ-साथ नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधिक सलाह एवं सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर के प्राचार्य धीरेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ को मानवाधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान कर मानवाधिकारों का संरक्षण करने एवं मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं करने के संबंध में शपथ दिलवाई गई, इस अवसर पर राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर के व्याख्याता डॉ. मनोज कुमार तोमर, डॉ. विजय सिंह मावई, डॉ. कमल बाई मीणा रहे।



# तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम ने प्रैक्टिस शुरू की

## बुमराह ने वर्कलोड के चलते हिस्सा नहीं लिया; 14 दिसंबर से खेला जाएगा तीसरा मुकाबला





**नई दिल्ली**

टीम इंडिया बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के ब्रिस्बेन टेस्ट से पहले एडिलेड में मंगलवार को जमकर प्रैक्टिस की। टीम के उप कप्तान और स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया। वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए उन्हें आराम दिया गया था। तीसरा टेस्ट ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जाएगा।

टीम इंडिया फिलहाल एडिलेड में हैं। दूसरा मुकाबला यहीं खेला गया था। टीम जल्द ही ब्रिस्बेन के लिए रवाना होगी। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया के जरिए एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय खिलाड़ी अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं।

दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर हैं। भारत ने पर्थ टेस्ट 295 रन से जीता था। वहीं दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।

कोहली ने ज्यादा गेंदे बैकफुट पर खेली तीसरे मैच में भी केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ओपनिंग कर सकते हैं। दोनों ने प्रैक्टिस सेशन में पहले बैटिंग शुरू की। इसके बाद भारतीय बैटिंग ऑर्डर के बाकी खिलाड़ी आए, जिनमें शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत शामिल हैं। वहीं, कोहली ने एडिलेड नेट्स में बाउंस के कारण बैकफुट पर ज्यादा गेंदे खेली।

डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर आया भारत इस हार के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। टीम इंडिया के 57.29% पॉइंट्स हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 60.71% पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर है। साउथ अफ्रीका 59.26% लेकर दूसरे स्थान पर है।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बैटर साइमन कैटिच ने एसईएन रेडियो से कहा- सिराज के दिमाग ने काम नहीं किया

सिराज के दिमाग ने कुछ देर के लिए काम नहीं किया और इस भारतीय तेज गेंदबाज को बाद में इसका पछतावा भी हुआ। यह शर्मनाक है कि सिराज ने तब दिमाग से काम नहीं लिया। खेल में इस तरह के व्यवहार की कोई जरूरत नहीं है।

हेड से बहस के बाद चर्चा में आए सिराज एडिलेड टेस्ट के दौरान हेड से थोड़ी बहस करने के बाद सिराज चर्चा का विषय बन गए हैं। पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन 7 दिसंबर को हेड ने सिराज की बॉल पर छक्का जमाया। फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया। 140 के स्कोर पर आउट होने के बाद हेड ने सिराज को कुछ शब्द कहे। इस पर सिराज ने उन्हें डगआउट में जाने का इशारा कर दिया। मैच के बाद हेड ने कहा कि मैं उनकी सराहना कर रहा था। मैंने केवल बेल बॉल बोला था। वहीं, सिराज ने कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था एडिलेट टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर 5 मैच की सीरीज 1बाई1 से बराबर की। भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट को 295 रनों से जीतकर 1-0 की बढ़त हासिल की थी। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।

## वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप- लिरेन की वापसी, गुकेश को हराया : 12वीं बाजी के बाद स्कोर 6-6 से बराबर, अब सिर्फ 2 गेम बाकी

**सिंगापुर।**

भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 12वें गेम में हार का सामना करना पड़ा है। डिफेंडिंग चैंपियन लिरेन को 11वें गेम में हार मिली थी। उन्होंने अब सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। 12वें गेम के बाद वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में स्कोर 6-6 से बराबरी पर पहुंच गया।

### चैंपियन बनने से 1.5 अंक दूर गुकेश

रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। अब लिरेन ने 12वां गेम जीता और स्कोर फिर बराबर कर दिया। 14 गेम के फाइनल में अब 2 ही गेम बाकी रह गए हैं। चैंपियन बनने के लिए खिलाड़ी 7.5 पॉइंट्स तक पहुंचना होगा। मंगलवार को रेस्ट डे है, इस दिन कोई गेम नहीं होगा। बुधवार और गुरुवार को दोनों प्लेयर्स के बीच फाइनल के बाकी 2 गेम होंगे। अगर 14 गेम खत्म होने के बाद भी नतीजा नहीं निकल सका तो टाई ब्रेकर का इस्तेमाल किया जाएगा।

## आईसीसी ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बैन किया

### प्लेइंग-11 नियमों का उल्लंघन किया; लीग से तेंदुलकर, गावस्कर, अकरम जैसे नाम जुड़े

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बैन कर दिया है। आईसीसी ने यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका क्रिकेट को लेटर लिखकर लीग के भविष्य के संस्करणों को मंजूरी नहीं देने के फैसले की जानकारी दी। लेटर में लिखा गया कि लीग में प्लेइंग इलेवन नियमों का पालन नहीं हुआ है। टी-10 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में 6-7 विदेश खिलाड़ी खिलाए गए थे। एनसीएल का पहला सीजन 4 से 14 अक्टूबर के बीच हुआ था। रॉबिन उथप्पा की कप्तानी वाली शिकागो सीसी ने अटलांटा किंग को 43 रनों से हराते हुए खिताब जीता था। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने उन्हें ट्रॉफी दी।

## वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया : लगातार 11 मैचों की हार का सिलसिला तोड़ा; रदरफोर्ड ने अपना पहला शतक बनाया

**सेंट किट्स।**

शेरफेन रदरफोर्ड के पहले वनडे शतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ लगातार 11 मैचों की हार का सिलसिला तोड़ते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की। सेंट किट्स में कैरेबियाई टीम ने 295 रनों का लक्ष्य हासिल कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। जीत के हीरो रदरफोर्ड रहे, जिन्होंने धीमी शुरुआत के बाद 80 गेंदों पर 113 रन की पारी खेल कर टीम को जीत दिलाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वेस्टइंडीज को एक समय 114 गेंदों पर 161 रनों की जरूरत थी, लेकिन उसने 14 गेंदें शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। रदरफोर्ड को दो बार गेंद हेलमेट पर लगी रदरफोर्ड को दो बार गेंद उनकी हेलमेट पर लगी, उसके बावजूद उन्होंने अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना शतक तब पूरा किया जब बांग्लादेश ने 47वें ओवर में ओवर थ्रो के जरिए 6 रन दिए। उसके बाद उन्होंने सौम्या सरकार की गेंदों पर लॉन्ग-ऑफ और मिडविकेट पर लगातार छक्के लगाए, फिर उन्होंने शॉर्ट थर्ड मैन पर एक छक्का लगाया, जहां नाहिद राणा ने कोई गलती नहीं की।

# मार्क टेलर ने सिराज के सेलिब्रेशन पर उठाया सवाल : कहा-वे अंपायर के फैसले का भी इंतजार नहीं करते, साथियों को रोकना चाहिए

**एडिलेड।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मोहम्मद सिराज के सेलिब्रेशन पर सवाल उठाया है। 60 साल के पूर्व कप्तान ने कहा- सिराज में अंपायर के फैसले का इंतजार किए बिना समय से पहले विकेट लेने का जश्न मनाने की आदत है। टीम इंडिया में उनके सीनियर साथियों को इस मसले पर सिराज से बात करनी चाहिए, क्योंकि ऐसा करना बुरा लगता है। टेलर ने नाइन न्यूज से कहा- सिराज को जब लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वे अंपायर का फैसला आने से पहले ही सेलिब्रेट करने के लिए अपने साथियों की तरफ दौड़ पड़ते हैं। भारतीय तेज गेंदबाज पर ट्रैविस हेड के खिलाफ अग्रेसिव सेलिब्रेशन के लिए आईसीसी ने मैच फीस पर 20% जुर्माना लगाया था। जहां तक मोहम्मद सिराज का सवाल है, तो मैं चाहूंगा कि उनकी टीम के सीनियर साथी उनसे बात करें। ट्रैविस हेड के साथ जो हुआ उसके बारे में इतना नहीं, बल्कि इस चीज को लेकर उनसे बात की जानी चाहिए कि जब उन्हें लगता है कि उन्होंने बल्लेबाज को आउट कर दिया है तो वह अंपायर का फैसला देखने के लिए पलटते नहीं है और सेलिब्रेट करना शुरू कर देते हैं। मुझे लगता है कि यह उनके और खेल के लिए अच्छा नजारा नहीं होता है। मुझे उसका जोश पसंद है, मुझे उसका प्रतिस्पर्धी स्वभाव पसंद है, मुझे यह फैक्ट पसंद है कि हमारे पास वास्तव में एक अच्छी सीरीज चल रही है, लेकिन खेल का सम्मान भी है जिसे बनाए रखने की जरूरत है। मुझे लगता है कि सीनियर साथियों के साथ बात करने से उसे इस चीज को समझने में मदद मिलेगी।




## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बैटर साइमन कैटिच ने एसईएन रेडियो से कहा- सिराज के दिमाग ने काम नहीं किया

सिराज के दिमाग ने कुछ देर के लिए काम नहीं किया और इस भारतीय तेज गेंदबाज को बाद में इसका पछतावा भी हुआ। यह शर्मनाक है कि सिराज ने तब दिमाग से काम नहीं लिया। खेल में इस तरह के व्यवहार की कोई जरूरत नहीं है।

हेड से बहस के बाद चर्चा में आए सिराज एडिलेड टेस्ट के दौरान हेड से थोड़ी बहस करने के बाद सिराज चर्चा का विषय बन गए हैं। पिंक बॉल टेस्ट मैच के दूसरे दिन 7 दिसंबर को हेड ने सिराज की बॉल पर छक्का जमाया। फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया।

140 के स्कोर पर आउट होने के बाद हेड ने सिराज को कुछ शब्द कहे। इस पर सिराज ने उन्हें डगआउट में जाने का इशारा कर दिया। मैच के बाद हेड ने कहा कि मैं उनकी सराहना कर रहा था। मैंने केवल बेल बॉल बोला था। वहीं, सिराज ने कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता था एडिलेट टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 10 विकेट से जीतकर 5 मैच की सीरीज 1बाई1 से बराबर की। भारतीय टीम ने पर्थ टेस्ट को 295 रनों से जीतकर 1-0 की बढ़त हासिल की थी। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेला जाएगा।

# सिराज पर 20% मैच फीस का जुर्माना लगा

## हेड को एक डिमेरिट पॉइंट मिला; एडिलेड टेस्ट में दोनों ने की थी बहस



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑस्ट्रेलियाई बैटर ट्रैविस हेड को आईसीसी ने क्रिकेट आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया है। आईसीसी ने दोनों प्लेयर्स को 1-1 डिमेरिट पॉइंट दिया। वहीं सिराज पर मैच फीस का 20% जुर्माना भी लगाया गया।

सिराज ने आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.5 का उल्लंघन किया। वहीं हेड को आर्टिकल 2.13 के तहत दोषी पाया गया। पिछले 24 महीने में दोनों की पहली गलती थी, इसलिए किसी पर भी मैच का बैन नहीं लगा। दोनों 14 दिसंबर से शुरू होने वाले ब्रिसबेन टेस्ट में खेल सकते हैं।

मैच के दूसरे दिन सिराज और हेड के बीच बहस हुई 82वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 7वां विकेट गंवाया। यहां ट्रैविस हेड 140 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सिराज के ओवर की तीसरी बॉल पर छक्का मारा, फिर सिराज ने अगली ही बॉल पर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद हेड ने कुछ कहा जिसके बाद सिराज ने भी कुछ शब्द कहे और उन्हें सेंड ऑफ (बाहर जाने का इशारा किया) दिया। फिर हेड ने जाते हुए सिराज से कुछ कहा। ओवर के बाद सिराज को ऑस्ट्रेलियाई दर्शकों की हूटिंग का सामना भी करना पड़ा।

हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में झूठ कहा- सिराज सिराज ने तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले स्टार स्पोर्ट्स हिंदी से कहा, जब मैंने उसे (ट्रैविस हेड) बोल्ड किया, तो मैंने केवल जश्न मनाया और उसने मुझे गाली दी और आपने इसे टीवी पर भी देखा। मैंने सिर्फ शुरुआत में जश्न मनाया, मैंने उससे कुछ नहीं कहा।

सिराज ने आगे कहा, प्रेस कॉन्फ्रेंस में उसने जो कहा वह सही नहीं था, यह झूठ है कि उसने सिर्फ मुझसे वेल बोल्ड कहा था। यह सभी ने देखा कि उन्होंने मुझसे ऐसा नहीं कहा था।

## साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 109 रन से हराया:सीरीज 2-0 से जीती, बावुमा प्लेयर ऑफ द सीरीज; डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर

**केबेरा।**

साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए। डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। कप्तान सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज फेल श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाए। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। बावुमा ने फिफ्टी लगाई चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 191/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। बावुमा ने फिफ्टी लगाई, वह 66 रन बनाकर आउट हुए, वहीं स्टब्स ने 47 रन बना दिए। डेविड बेडिंघम ने 35 रन का योगदान दिया। 5 टैलेंडर्स ने भी 8 से 14 रन की पारियां खेलीं और स्कोर 317 रन तक पहुंचा दिया। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 30 रन की बढ़त ली थी, इसलिए श्रीलंका को 348 रन का टारगेट मिला। जयसूर्या को 5 विकेट श्रीलंका से दूसरी पारी में स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या ने 5 विकेट लिए। विश्वा फर्नांडो को 2 विकेट मिले, वहीं असिथा फर्नांडो और लहिरु कुमारा के हाथ 1-1 सफलता आई।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी- बंगाल ने चंडीगढ़ को हराया

## शमी ने 32 रन बनाए, 1 विकेट भी लिया; यूपी 4 विकेट से जीता

**बेंगलुरु।**

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पहले प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बंगाल ने चंडीगढ़ को 3 रन से हरा दिया। मोहम्मद शमी ने 32 रन बनाने के साथ एक विकेट भी लिया। वहीं दूसरे प्री क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 4 विकेट से हरा दिया। रिंकू सिंह ने 27 रन की नॉटआउट पारी खेली।

शमी की पारी ने पलटा मैच चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। टीम ने बंगाल के 8 विकेट 114 रन पर गिरा दिए थे। लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शमी ने 17 बॉल पर नाबाद 32 रन बना दिए, जो आखिर में टीम के लिए मैच जिताऊ पारी साबित हुई। चंडीगढ़ से जगजीत सिंह ने 4 विकेट लिए।

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बंगाल ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट पर159 रन बनाए। जवाब में चंडीगढ़ 20 ओवर खेलकर 156 रन ही बना सकी। राज बावा ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। बंगाल के लिए शमी ने 4 ओवर में 13 डॉट बॉल डाली, 25 रन देकर 1 विकेट भी लिया। सायन घोष ने 4 विकेट लिए। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे चंडीगढ़ को जीत के लिए 20वें ओवर में 11 रन चाहिए थे। यहां कप्तान घरामी ने सायन घोष को बॉलिंग दी। जिन्होंने यॉर्कर बॉल पर निखिल शर्मा को आउट किया। वहीं जगजीत सिंह रन आउट हो गए। घोष ने ओवर में मात्र 7 रन दिए और बंगाल को 3 रन से जीत दिला दी।



शमी ने फिटनेस साबित की मोहम्मद शमी ने पहले बैट फिर बॉल दोनों के साथ शानदार परफॉर्म किया। उन्होंने 188.23 के स्ट्राइक रेट से 32 रन बनाए। शमी ने पारी में 3 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। वहीं उन्होंने 139द्मद्बश्चद्ध की रफ्तार से बॉलिंग करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट लिए। उन्होंने ओपनर अरसलान खान को शून्य के स्कोर पर आउट किया। 34 साल के शमी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 16 दिन में 8 मैच खेले और लगभग सभी मैचों में अपने 4 ओवर का कोटा पूरा किया। जिससे पता चलता है की वह पूरी तरह से फिट हैं।

छोटी सी जिंदगी है हर बात में खुश रहो,
आने वाला कल किसने देखा है, अपने आज में खुश रहो!

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# आसाराम को तीसरी बार मिली पैरोल

## 15 दिसंबर से पुणे के आयुर्वेदिक अस्पताल में 17 दिन कराएगा इलाज

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर ( एजेंसी )।** रेप केस में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को तीसरी बार पैरोल मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने मंगलवार को आसाराम को 17 दिन की पैरोल दी। आसाराम 10 नवंबर से 30 दिन की पैरोल पर जोधपुर के निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में करवा रहा था। मंगलवार को उसकी पैरोल अवधि खत्म हो गई। आसाराम ने पुणे के माधो बाग अस्पताल में इलाज के लिए कोर्ट से पैरोल मांगी थी। जस्टिस दिनेश मेहता और विनीत माथुर की बेंच ने आसाराम को माधो बाग अस्पताल में इलाज के लिए 15 दिसंबर से 17 दिन की पैरोल दी है।

### पहले भी पुणे के अस्पताल में करा चुका इलाज

आसाराम की ओर से वकील आरएस सलूजा और यशपाल सिंह ने पैरवी की। आसाराम की यह 11 साल में तीसरी पैरोल है। आसाराम को जोधपुर के निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए 7 नवंबर को 30 दिन की पैरोल मिली थी। इससे पहले उसे 13 अगस्त को 11 साल में पहली बार पैरोल मिली थी। तब उसे सात दिन की पैरोल मिली थी। वह 27 अगस्त से 2 सितंबर तक पुणे के माधो बाग अस्पताल में इलाज कराने गया था। इसके बाद उसने पंचकर्म पूरे न होने का हवाला देते हुए 5 दिन पैरोल बढ़ाने की अपील की थी। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी और मुन्नारी लक्ष्मण की बेंच ने 3 सितंबर को 5 दिन पैरोल बढ़ाने के आदेश दिए। आसाराम ने 7 सितंबर तक माधो बाग अस्पताल में इलाज कराया था।

# भाजपा बोली- केजरीवाल ने सीएम हाउस खाली नहीं किया : वीडियो जारी किया, कहा- कोविड के दौरान मकान की मरम्मत पर 45 करोड़ खर्च किए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास का वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल ने 6, फ्लैगस्टाफ रोड का बंगला अब तक खाली नहीं किया है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि खुद को आम आदमी कहने वाले केजरीवाल ने अपने रहने के लिए शीशमहल बनवाया था। केजरीवाल कहते थे कि सरकारी घर नहीं लूंगा, लेकिन रहने के लिए 7 स्टार रिसॉर्ट बना डाला। इस महल में 1.9 करोड़ रुपए से मार्बल ग्रेनाइट, लाइटिंग, 1.5 करोड़ रुपए से मरम्मत और 35 लाख रुपए से जिम और स्पा बनवाया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली के लोगों को बताना चाहिए कि उन्होंने किस अधिकार से अपने बंगले की सजावट पर करीब 45 करोड़ रुपए खर्च कर दिए, जबकि कोविड में जनता के विकास कार्य ठप थे। भाजपा के आरोप पर आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि वह मकान 1942 में बना था और बहुत खस्ता हालत में था। मकान की छतें टपकती थीं। कुछ तो गिर भी गई थीं। पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट के ऑडिट के बाद ही मकान की मरम्मत कराई गई थी।

# कराची में पैदा हुए शख्स को 43 साल बाद मिली भारतीय नागरिकता, सीएम सावंत ने सौंपा प्रमाण पत्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कराची में जन्मे शेन सबस्टियन परेरा अपने जन्म के चार महीने बाद ही गोवा में अपने पैतृक गांव में रहने के लिए भारत आ गए, लेकिन भारतीय नागरिकता प्राप्त करने में उन्हें 43 साल लग गए। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंगलवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के तहत पाकिस्तान में जन्मे ईसाई व्यक्ति को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा। इस साल अगस्त में एक अन्य पाकिस्तानी नागरिक जोसेफ फ्रांसिस परेरा को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के बाद, शेन यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले तटीय राज्य के दूसरे व्यक्ति हैं। मूल रूप से उत्तरी गोवा के अंजुना में डेमेलो वाडो के रहने वाले शेन ने कहा कि उनके माता-पिता कराची चले गए थे, जहां उनका जन्म अगस्त 1981 में हुआ था। उनके जन्म के चार महीने बाद, परिवार वापस गोवा चला गया, जहां उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की। उन्होंने 2012 में भारतीय नागरिक मारिया ग्लोरिया फर्नांडीस से शादी की।

# सीरिया पर अमेरिका-इजराइल के बाद तुर्किये का भी हमला

## उत्तरी इलाके पर कब्जा किया; दमिश्क में हथियारों के ठिकानों पर इजराइल के 100+ हमले

बढ़ता राजस्थान

**दमिश्क ( एजेंसी )।** सीरिया में असद सरकार के पतन के बाद दूसरे देशों के हमले तेज हो गए हैं। इजराइल ने सीरिया के दक्षिणी, अमेरिका ने मध्य और तुर्किये से जुड़े रिबेल फोर्स ने उत्तरी इलाके पर हमला किया है। रॉयटर्स के मुताबिक तुर्किये के रिबेल फोर्स ने सीरिया के उत्तरी इलाके मनबिज पर कब्जा कर लिया है। कुर्दिश सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स (स्ड्फ़) ने 2016 में ड्ढस्ढ्ढस् को हराकर मनबिज पर कंट्रोल हासिल किया था। मनबिज में स्ड्फ़ की हार के बाद कुर्द लड़ाकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए अमेरिका और तुर्किये के बीच सोमवार को समझौता हुआ है। इस बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन ने इस जीत पर कहा कि वे मनबिज से 'आतंकियों' का सफाया होने से खुश हैं। इजराइल ने दमिश्क में 100 से ज्यादा मिसाइल हमले किए इजराइली वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने सोमवार को सीरिया में 100 से ज्यादा हवाई हमले किए। अलजजीरा के मुताबिक ये हमले राजधानी दमिश्क के पास बरजाह साइंटिफिक रिसर्च सेंटर के पास हुए। इजराइली विदेश मंत्री गिदोन सार ने माना है कि इजराइल ने हथियार ठिकानों पर हमला किया है। दरअसल, पश्चिमी देशों को आशंका है कि असद सरकार ने यहीं पर रासायनिक हथियार छुपा रखे हैं। अब इजराइल को डर है कि कहीं सीरियाई विद्रोहियों के हाथ ये हथियार न लग जाएं।

दमिश्क से सिर्फ 21 किमी दूर पहुंची इजराइली सेना इससे पहले इजराइल ने 50 साल में पहली बार सीरिया बॉर्डर पार कर वहां के गोलान हाइट्स वाले हिस्से में अपनी सेना भेजकर बफर जोन पर कब्जा कर लिया था। अलजजीरा ने लेबनान से जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से बताया है कि इजराइली सेना अब बफर जोन की सीमाओं से आगे निकल चुकी है।

रिपोर्ट के मुताबिक अब इजराइली सैनिक दक्षिणी सीरिया के कटाना शहर के पास पहुंच चुके हैं, जो कि राजधानी दमिश्क से सिर्फ 21 किमी की दूरी पर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इजराइली सैनिक दमिश्क के बाहरी इलाके के कई गांवों में भी घुस गए हैं। इससे पहले अमेरिका ने मध्य सीरिया में आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों पर 75 से ज्यादा हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस हमले में बी-52 बॉम्बर और एफ-15ई फाइटस जेट्स का इस्तेमाल हुआ। इन हमलों में आईएसआईएस के कई लड़ाकों और उनके ठिकानों को नष्ट कर दिया गया।



# ऑटो ड्राइवरों का 10 लाख का इंश्योरेंस कराएंगे : केजरीवाल

## बेटी की शादी के लिए एक लाख और वर्दी के लिए 5 हजार रु. देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ऑटो वालों के लिए घोषणाएं कीं। केजरीवाल ने कहा कि हम ऑटो वालों का 10 लाख रुपए का इंश्योरेंस कराएंगे। केजरीवाल ने ये भी कहा कि ऑटो ड्राइवरों को बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपए और वर्दी के लिए 5000 रुपए देंगे। दिल्ली में फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। आप उम्मीदवारों की दो लिस्ट जारी कर 31 नामों की घोषणा कर चुकी है। केजरीवाल ऑटो चालक नवनीत के बुलावे पर उनके घर खाने पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मैंने अब ऑटो वालों का नमक खाया है तो इस नमक का कर्ज उतारना मेरा फर्ज है।



**केजरीवाल ने 5 घोषणाएं कीं...**

1. बेटी की शादी के लिए हमारी सरकार की तरफ से 1 लाख रुपए दिया जाएगा।
2. साल में दो बार (होली और दिवाली पर) वर्दी के लिए सरकार की तरफ से 2500-2500 रुपए (कुल पांच हजार) दिए जाएंगे।
3. हर ऑटो वाले का 10 लाख रुपए का लाइफ इंश्योरेंस और 5 लाख रुपए का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कराया जाएगा।
4. ऑटो वालों के बच्चे आगे बढ़ें, आईएएस-आईपीएस, वकील, डॉक्टर-इंजीनियर बनें। इसके लिए कोचिंग का खर्च सरकार देगी।
5. ऑटो वालों के लिए पूछूं ऐप दोबारा शुरू किया जाएगा।

# सर्दी... जैसलमेर, अलवर सहित 12 जिलों के लिए कोल्ड वेव का येलो अलर्ट जारी, अगले तीन दिन रहेगा असर



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत से चली बर्फीली हवाओं ने राजस्थान में ठिठुरन बढ़ा दी है। मंगलवार को पूरे राजस्थान में शीतलहर (कोल्ड वेव) चलने की संभावना जताई गई है। 12 जिलों में इसका प्रभाव तेज रहने की आशंका जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले तीन दिन तक मौसम इसी तरह रहेगा। उधर, सर्द हवा के कारण शहरों में सोमवार दिन का अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। धूप कमजोर रहने और आसमान में हल्की धुंध रहने के कारण दोपहर में भी ठंडी हवाओं का जोर रहा। गंगानगर, चूरू, बीकानेर, जैसलमेर, उदयपुर, कोटा, जयपुर, अजमेर समेत कई शहरों में तापमान (सोमवार) 23 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचा। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ठंडा दिन सीकर में रहा, जहां अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हनुमानगढ़, फतेहपुर में भी दिन का अधिकतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। सबसे ज्यादा तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। जयपुर में कल देर रात तेज सर्द हवा चलने से जबरदस्त सर्दी रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया।

### रात का तापमान 5 डिग्री तक पहुंचा

**उदयपुर, करौली, बारां, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा में रात का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। ये सभी शहर कल रात में शेखावाटी के सीकर से भी ज्यादा ठंडे रहे। भीलवाड़ा में कल न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस, उदयपुर में 5.2, चित्तौड़गढ़ में 6, बारां में 6.3, करौली में 6.4 और जालोर में 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।**

### सामान्य से 5 डिग्री नीचे आया पारा

**शेखावाटी समेत आसपास के जिलों में सर्द हवा से दिन का तापमान औसत से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। इसमें जोधपुर, फलोदी, बीकानेर, चूरू, उदयपुर, सीकर, कोटा और अजमेर शामिल हैं।**

### जाने क्यों बढ़ी अचानक सर्दी

**मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- 7-8 दिसंबर को एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल एरिया में एक्टिव हुआ था। इस सिस्टम से इन राज्यों में कई जगह बारिश के साथ बर्फबारी हुई।**

# नेतन्याहू पहली बार भ्रष्टाचार मामले में गवाही देंगे

## धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने का आरोप, इजराइली पीएम का किसी भी गलत काम से इनकार

बढ़ता राजस्थान

**तेल अवीव ( एजेंसी )।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मंगलवार को भ्रष्टाचार के आरोपों में पहली बार कोर्ट में गवाही देने के लिए पेश होंगे। उन पर इजराइल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है। नेतन्याहू ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

इजराइली पीएम ने गाजा वॉर और सुरक्षा चिंताओं को हवाला देकर कई बार कार्यवाही में देरी की मांग की है। हालांकि, कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई फिर से शुरू करने का आदेश दिया। क्करूकी सिक्योरिटी के हवाले से अदालत की कार्यवाही राजधानी तेल अवीव के अंडरग्राउंड चैंबर में शिफ्ट कर दी गई है।

### 140 लोगों को गवाही देने के लिए बुलाया गया

2020 में शुरू हुए इस मुकदमे में तीन अलग-अलग मामले शामिल हैं। इसमें नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने अपने पक्ष में खबर प्रकाशित करने के एवज में मीडिया के लोगों को राजनीतिक लाभ दिया। महंगे तोहफे के बदले अरबपति हॉलीवुड डायरेक्टर को फायदा पहुंचाया। इन सभी मामले में 140 लोगों को गवाही के लिए बुलाया गया है। गवाहों में नेतन्याहू के कुछ भरोसेमंद लोग शामिल हैं, जो उनके खिलाफ हो गए थे। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री यायर लापिड और कई मीडिया हस्तियां भी शामिल हैं। वकीलों ने रिकॉर्डिंग, पुलिस डॉक्यूमेंट और टेक्स्ट मैसेज समेत कई सबूत पेश किए हैं। फिलहाल इस मामले में कम से कम 2026 तक फैसला आने की उम्मीद नहीं है। इसके बाद नेतन्याहू सुप्रीम कोर्ट में भी अपील कर कर सकते हैं।



### नेतन्याहू के खिलाफ आईसीसी अरेस्ट वारंट जारी कर चुका है

कुछ दिन पहले बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) ने गुरुवार को अरेस्ट वारंट जारी किया था। अदालत ने नेतन्याहू पर गाजा में युद्ध अपराध (वॉर क्राइम) और मानवता के खिलाफ अपराध के लिए आरोप तय किए थे। आईसीसी ने माना कि हमास को मिटाने की आड़ में इजराइली सेना निर्दोषों का कत्ल कर रही है और उन्हें मरने के लिए छोड़ रही है। इस मामले में इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के पूर्व कमांडर मोहम्मद दाइफ के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है। अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट यूक्रेन में वॉर क्राइम के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है।

# नहीं माने किसान, सरवन सिंह पंढेर का ऐलान

# 14 को फिर से शुरू करेंगे दिल्ली मार्च

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** किसानों ने सरकार की ओर से बातचीत के लिए निमंत्रण न मिलने का हवाला देते हुए 14 दिसंबर को एक बार फिर दिल्ली मार्च करने की योजना की घोषणा की है। किसान नेताओं ने कहा कि 101 किसानों का एक समूह इस विरोध प्रदर्शन के तहत दिल्ली जाएगा।

इस कदम का उद्देश्य न्यूनतम समर्थन मूल्य और ऋण माफी के लिए कानूनी गारंटी सहित अपनी मांगों के लिए सरकार पर दबाव डालना है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने घोषणा की कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसान 14 दिसंबर को एक बार फिर दिल्ली की ओर मार्च करेंगे।

पंधेर ने कहा कि उनके विरोध प्रदर्शन को अब 303 दिन हो गए हैं और न्याय की मांग को लेकर किसानों का अनशन 15वें दिन पर पहुंच गया है। पंधेर ने इस बात पर जोर दिया कि किसान हमेशा बातचीत के लिए खुले हैं, लेकिन उनके प्रयासों के बावजूद सरकार ने उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा बातचीत का स्वागत किया है, लेकिन सरकार की ओर से किसी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कल (बुधवार) हम अपने आंदोलन की सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे। हम उन किसानों की रिहाई की भी मांग करते हैं जिन्हें विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया है।

पंधेर ने फिल्मी सितारों, गायकों और धार्मिक नेताओं से विरोध को प्रचारित करके उनके मुद्दे का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं उनसे हमारे हित के लिए आवाज उठाने का अनुरोध करता हूं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए है। उस समय सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया गया था। किसान एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं। किसान 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए "न्याय", भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं।



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com